रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 03 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-281 मूल्य 3.00 ₹

### क्विक न्यूज

## केलांग मुख्यालय में ईवीएम मशीनें वायुसेना के हेलीकॉप्टर से पहुंचाई गई



**केलांग।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में एक जून को लोकसभा व विधानसभा चुनाव के उपरांत स्पीति उप मंडल की ईवीएम मशीनों को काजा स्ट्रांग रूम से मतगणना के लिए रविवार को वायु सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से केलांग मुख्यालय में पहुंचाया गया।

## धनखड़ ने दी तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्यवासियों की सुख समृद्धि की कामना की है। धनखड़ ने रविवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि तेलंगाना अपनी समृद्ध विरासत , कृषि विविधता और प्रौद्योगिकी क्षमता के लिए जाना जाता है। यह राज्य सांस्कृतिक विविधता का केंद्र है। उन्होंने कहा, तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। मैं तेलंगाना की निरंतर प्रगति और विकास की कामना करता हूं।

# पीएम मोदी प्रमुख अधिकारियों के साथ करेंगे बैठके

## चक्रवात रेमल से हुए नुकसान, उत्तर भारत में चल रही लू की स्थिति पर होगी चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री कार्यालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें करने वाले हैं, जिसमें चक्रवात रेमल से हुए नुकसान के आकलन से लेकर पूरे उत्तर भारत में चल रही लू की स्थिति पर चर्चा होगी। लगभग तीन महीने के मोदी के तूफानी चुनाव अभियान तथा कन्याकुमारी में विवेकानन्द मेमोरियल में 45 घंटे के ध्यान के बाद अधिकारियों के



साथ समीक्षा बैठकें होंगी, जिसके बाद उनके तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी करने वाले एग्जिट पोल व मोदी 3.0 के पहले 100 दिन के लिए विचार-मंथन भी शामिल होगा। इस रणनीतिक बैठक में व्यापक चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें आने वाले महीनों के लिए मोदी सरकार की प्राथमिकताओं और कार्य योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री यहां अपने आवास पर दिन भर शीर्ष नौकरशाहों के साथ विभिन्न विषयों पर बैठकें करेंगे। पहली बैठक में मोदी विशेष रूप से पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल के बाद की स्थितियों की समीक्षा कर सकते हैं, ताकि वहां हुए नुकसान का आकलन किया जा सके। इसके बाद वह देश में गर्मी की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक करेंगे। अधिकांश हिस्से विशेषकर उत्तर पश्चिम भारत भीषण गर्मी की चपेट में है और अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के पार है। मोदी पांच जून को मनाए जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भी एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

# यह एग्जिट पोल नहीं बल्कि मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को 'कोरी कल्पना' करार देते हुए कहा है कि इस पोल में सच्चाई नहीं है और यह 'मोदी मीडिया' का काल्पनिक पोल है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं बल्कि मोदी मीडिया पोल है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उनका दावा है कि चार जून को सामने आ रहे चुनाव परिणाम इंडिया समूह 295 सीट जीत रहा है। गांधी ने कहा, इसका नाम एग्ज़िट पोल नहीं मोदी मीडिया पोल है। ये मोदी जी का पोल है। ये फंतासी अटकलें हैं। सिद्धू मूसेवाला का गाना सुना है आपने, 295, हम 295 सीट जीत रहे हैं।

## खडगे-राहुल ने की प्रदेश पदाधिकारियों तथा लोकसभा उम्मीदवारों के साथ जूम बैठक



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों तथा लोकसभा उम्मीदवारों के साथ वर्चुअल आधार पर बैठक की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस बैठक में 04 जून को मतगणना के दिन की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। कांग्रेस तथा इंडिया समूह के शीर्ष नेताओं की एक जून को यहां ही बैठक में भी इसी मुद्दे पर गहन विचार विमर्श किया गया था। पार्टी सूत्रों ने रविवार को हुई बैठक की जानकारी देते हुए बताया दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की मौजूदगी में सभी विधानसभाओं में कांग्रेस विधायक दल के नेताओं, प्रदेश अध्यक्ष और प्रत्याशियों के साथ जूम मीटिंग हुई।'

# छत्तीसगढ़ के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं बल्कि अपना सेवक समझें : साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीएम साय ने कहा लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं अपने बीच का व्यक्ति, अपना भाई मानते हैं और कॉल भी करते हैं। व्यस्तता के कारण सभी लोगों से बात करना संभव नहीं हो पाता पर थोड़े-बहुत फोन हम आज भी रिसीव करते हैं, और लोगों से बात करते हैं। मैं चाहता हूं कि हमेशा उनसे जुड़ा रहूं। कुछ लोग मुझसे कहते हैं कि आप मुख्यमंत्री हैं, सभी का फोन रिसीव मत करिए लेकिन मैं जो भी हूँ, इन्हीं लोगों के कारण हूँ। इसलिए मैं अपना स्वभाव नहीं बदल सकता, धरातल से जुड़कर काम करना मुझे पसंद है। एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि ये बात सहीं है कि आज भी मैं क्षेत्र के लोगों से सीधे संपर्क में रहता हूँ। एक फोन हमेशा मैं अपने पास रखता हूं। मेरा यह नंबर बहुत पुराना है। जिस दिन जशपुर जिले में टॉवर लगा था और बीएसएनएल वालों ने जो नम्बर मुझे दिया था, वह रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के हर कार्यकर्ता एवं लोगों के पास है। उस समय किसी को कोई भी परेशानी होती तो मुझे डायरेक्ट कॉल करते थे, बिजली गुल हो या कहीं का ट्रांसफार्मर बदलना हो या हैंडपंप लगवाना हो, लोग मुझसे सीधा शिकायत करते और मैं उसका निराकरण भी करता था। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं बल्कि अपना सेवक समझें। हम उनसे किए गए एक-एक वादों पर खरा उतरेंगे। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए यदि आप हमें कोई सुझाव या सलाह देना चाहें तो पत्र या फोन कॉल के माध्यम से दे सकते हैं, इसे हम आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करेंगे। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सरकार के आगामी पांच साल की कार्ययोजना के सवाल पर विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी कि मोदी की गारंटी में किए गए सभी वादों को पूरा करेंगे।

# शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित : केजरीवाल

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने की जुर्रत की इसलिए जेल जा रहे हैं लेकिन शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित है। केजरीवाल ने तिहाड़ जेल आत्मसमर्पण करने के लिए जाने से पहले पार्टी मुख्यालय में अपने सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन की मोहलत दी थी। इस दौरान रात-दिन 24 घंटे देश को बचाने के लिए प्रचार किया। केवल आम आदमी पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि इंडिया समूह की सारी पार्टियों के लिए प्रचार किया। दिल्ली के लोगों को बताना चाहता हूं कि आज आपका बेटा दोबारा जेल जा रहा है इसलिए नहीं कि कोई भ्रष्टाचार किया है, बल्कि तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने की जुर्रत की है। उन्होंने कहा कि इस प्रचार के दौरान सबसे बढ़िया बात यह हुई कि सारे देश के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिरकार यह कबूल कर लिया कि उनके पास केजरीवाल के खिलाफ रत्ती भर भी सबूत नहीं है। यह बार-बार कहते थे कि 100 करोड़ की रिश्वत ली है।

# जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गम्भीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मतगणना से पहले 150 जिला अधिकारियों को फोन करने संबंधी दावे को गंभीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा है और रविवार शाम तक इस मामले में आरोपों का आधार बताते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग ने नोटिस में रमेश के शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के पोस्ट का हवाला देते हुए उनसे जवाब मांगा है। इस पोस्ट में रमेश ने दावा किया, निवर्तमान गृह मंत्री ने डीएम को फोन किया है। अब तक 150 से बात भी कर ली है। आयोग ने रमेश को कड़क नोटिस भेजकर कहा, आप अपनी बातों का प्रमाण के साथ हमें ज़वाब भेजें, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के लिए देश का सारा प्रशासन आयोग के अधीन आ जाता है और जिलाधिकारी तथा जिले के अन्य सभी बड़े अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर आयोग के निर्देशन में काम करते हैं। आयोग को आपको यह बताना होगा कि आपकी इस जानकारी और इस सार्वजनिक पोस्ट का आधार क्या है।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges

श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

पूर्ण NABH मान्यता प्राप्त

Advance Center For Neuro Sciences



DR. KAMLAKANT BHOI
MBBS, MD(Medicine) DM(Neurology- Kolkata )
Ex- Neurologist- IHBAS(N Delhi)
Sr. Neurophysician & Neuromuscular Specialist



DR. PIYUSH KUMAR ANSHU
MBBS,MD (Internal medicine-Gold medalist)
DM (Neurology), DRNB (Neurology)
FNB (Neurointervention)
Intervention Neurologist & Stroke Specialist

अत्याधुनिक सुविधाएँ

- MRI
- CT Scan
- CAROTID DOPPLER
- CEREBRAL ANGIOGRAPHY
- X-RAY,USG
- NCV/EMG
- VEP \ BERA \ SSEP
- EEG-VIDEO
- POLYSOMNOGRAPHY (PSG)
- NERVE / MUSCLE BIOPSY
- NEURO ICU
- STROKE THROMBOLYSIS
- BRAIN/SPINE SURGERY
- VERTIGO LAB
- BOTULINUM TOXIN INJ
- STROKE REHABILITION
- PHYSIOTHERAPY
- CLINICAL PSYCHOLOGY
- PSYCHIATRY

इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजी

- दिमाग की नसों का एंजियोग्राफी की जांच
- लकवा/ पैरालेसिस/ स्ट्रोक के मरीज में बिना चीरफाड़ के, एंजियोग्राफी के रस्ते नस खोलने की प्रक्रिया (थ्रोम्बेक्टोमी)
- ब्रेन हैमरेज के मरीज में खून के नस गुब्बारों की बिना चिर फाड़ के इलाज
- कैरोटिड एंजियोप्लास्टी एवं स्टेंटिंग को सुविधा
- दिमाग में खून की नसों के गुच्छे (AVM) और फिस्टुला एंजियोग्राफी के रास्ते से इलाज
- नसों के ब्लॉकेज का बिना ओपन सर्जेरी के इलाज

आप में निम्न लक्षण पाए जाने पर

लकवा, मिर्गी, सिर दर्द, न्यूरोपैथी, चक्कर आना, माइग्रेन , अनिद्रा , पार्किंसन, मेनिन्जाइटिस, ब्रेन हेमरेज, ब्रेन ट्यूमर, टीबी स्पाइन, स्पाइन ट्रामा, हेड इंजुरी, स्लीप डिस्क एवं नस सबंधित समस्या

आयुष्मान भारत, BSKY/नवीन कार्ड (ओडिशा), ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस ) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02

# तत्कालीन सहायक संचालक के कार्यों में अनियमितता एवं वित्तीय आबंटन का उपयोग अपने परिवार तथा रिश्तेदारों को योजना का लाभ दिलाने जैसे नियम विरुद्ध कार्यों की जाँच कर उचित कार्यवाही करने विधायक कुंवर ने मुख्यमंत्री साय को सौपा ज्ञापन, भरे मंच से की कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

केज आबंटन के नाम पर लाखो रुपये सरकारी धन का दुरुप्रयोग, बिना भौतिक सत्यापन के जारी अनुदान राशि और तात्कालिक सहायक संचालक आरके बंजारे द्वारा अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर कराए गए केज मामले में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शिकायती आवेदन सौप कार्यवाही की मांग की है। तत्कालीन सहायक संचालक के कार्यों में अनियमितता एवं वित्तीय आबंटन का उपयोग अपने परिवार तथा रिश्तेदारों को योजना का लाभ दिलाने जैसे नियम विरुद्ध कार्यों की जाँच कर अपने संबोधन के दौरान भरे मंच से उचित कार्यवाही करने विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि आरके बंजारे तत्कालीन सहायक संचालक मछली पालन विभाग के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 2021-22 से अपने रिश्तेदारों और पत्नी के नाम से तांदुला जलाशय में 192 केज लगाकर 345.60 लाख की सब्सिडी को बिना भौतिक सत्यापन के मनमाने ढंग से निर्धारित केजो की साइज को बिना अनुमति के 20 केजो को एक केज बनाकर राशि का उपयोग किया गया है। जबकि सम्बंधित कार्य हेतु आवेदन कार्यालय को प्राप्त नहीं है। साथ ही अंधियाटोला के आदिवासी मत्स्य कृषकों के नाम पर 164 केज लगाकर उनकी अनुदान राशि रूपये 295.20 लाख को बिना सत्यापन समिति के सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त किये अनुदान राशि का भुगतान किया गया तथा केजो के वास्तविक हितग्राही को उनके ही केज में देखभाल एवं रखरखाव हेतु चौकीदार के काम पर रखा गया है। बता दे कि मत्स्य विभाग मुख्यमंत्री विष्णुदेव के पास ही है।


केज आबंटन में बिना भौतिक सत्यापन के जारी अनुदान राशि मामले में संचालक ने कही जांच की बात, तो वही भ्रष्टाचार मामले में विधायक कुंवर ने सीएम को लिखेंगे पत्र

ये है पूरा मामला

ये भी है जांच के विषय


केज आबंटन के नाम पर बालोद में सरकारी धन का बंदरबाट

तात्कालीन सहायक संचालक बंजारे ने पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर कराया केज आबंटन

इनको दिया अनुदान राशि

सेवानिवृत के बाद सहायक संचालक खुद कर रहे मछली पालन का व्यवसाय

फैक्ट आंकड़ा (फर्स्ट स्टेज में केज आबंटन)

सेकंड स्टेज में केज आबंटन

### आबंटन कार्यों को निरस्त करने की मांग

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने आगे लिखा है कि उक्त सभी 365 केजों में मछली पालन और मछली वि य स्वयं आरके बंजारे द्वारा किया जा रहा है तथा निर्धारित लीज राशि एक बार जमा कर बाकि कि राशि अब तक जमा नहीं किया गया है। सेवानिवृत्ति पश्चात् उनके द्वारा सभी केजों में स्वयं मछली पालन का व्यवसाय किया जा रहा है, इसके अलावा कार्यालय में उपलब्ध मोटर बोट के इंजन को भी अपने निजी कार्यों में उपयोग हेतु रख लिया गया है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने उपरोक्त विषयों को संज्ञान में लेते हुए तत्कालीन सहायक संचालक मछली पालन विभाग आरके बंजारे के विरुद्ध जाँच कर उनके द्वारा अपने निजी व्यक्ति यों एवं रिश्तेदारों को किये गए आबंटन कार्यों को निरस्त करने का कष्ट करेंगे।

### पायनियर की खबर से मचा हड़कम्प

दरअसल पायनियर ने तात्कालिक सहायक संचालक आरके बंजारे द्वारा केज आबंटन के नाम पर लाखो रुपये सरकारी धन का दुरुप्रयोग कर अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर केज आबंटन कराया गया है, साथ ही बिना भौतिक सत्यापन के अनुदान राशि का लाखों-करोड़ों का व्यारा न्यारा किया गया हैं। जिसका खुलासा पायनियर ने किया है। पायनियर ने 1 जून को शीर्षक 'केज आबंटन के नाम पर बालोद में सरकारी धन का बंदरबाट' और 2 जून को शीर्षक 'केज आबंटन में बिना भौतिक सत्यापन के जारी अनुदान राशि मामले में संचालक ने कही जांच की बात तो वही भ्रष्टाचार मामले में विधायक कुंवर ने सीएम को लिखेंगे पत्र' समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया हैं। मामले के खुलासे से विभाग में हड़कम्प मच गया है। वही मत्स्य विभाग के संचालक नारायण नाग ने भी जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है। वही मामला सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय तक पहुच चुका हैं। चूंकि मत्स्य विभाग स्वंय मुख्यमंत्री साय के पास ही है, अब देखना होगा कि इस गंभीर अनियमितता मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय क्या रुख इख्तियार कर कार्यवाही करते हैं।

# सूरत में 42,50,000 मूल्य का एलएसडी ड्रग्स बरामद



एजेंसी ‹ सूरत
www.dailypioneer.com

गुजरात में सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पीसीबी की टीम ने 42,50,000 रुपये मूल्य का एलएसडी ड्रग्स और 65,460 रुपये कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया है।
एसओजी सूत्रों ने को बताया कि सूचना मिली थी कि पार्थ केतनकुमार मंदिर वाला डार्कवेब नामकी ऑन लाइन वेबसाइट से बेंगकोक से कुरियर के द्वारा ड्रग्स मगाकर बेचता है। सूचना के आधार पर अडाजण इलाके में पालनपुर पाटिया बीएसएनएल ऑफिस के निकट कृष्णकुंज सोसायटी स्थित पार्थ केतनकुमार मंदिर वाले के मकान पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 65,460 रुपये कीमत का 21.820 ग्राम हाइब्रिड गांजा और 42,50,000 रुपये कीमत का एलएसडी ड्रग्स ब्लोटर पेपर नौ नग जब्त करके पार्थ केतन कुमार को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 5 से 16 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग करेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अभियान के सफल व सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में कलेक्टरों से कहा गया है कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाए। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाए।

# अजीश अली बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

एजेंसी ‹ मंगलुरु
www.dailypioneer.com



पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ़ सर्फिंग के नये चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज़ और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया।
वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफ्लतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाज़ी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज़ और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे।
तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलूरू शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई। स्थानीय पसंदीदा प्रदीप पुजार ने 8.80 के स्कोर के साथ नेतृत्व किया और प्रह्लाद श्रीराम (8.50), हरीश पी (8.26) और तैयिन अरुण (6.76) के साथ फाइनल में पहुंचे।

## उम्मीदवारों के गणना एजेंट को बैठने की अनुमति न देना सबसे बड़ी धांधली: माकन



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के नेता तथा पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा है कि बताया जा रहा है कि मतगणना में इस बार सहायक चुनाव अधिकारी- एआरओ की टेबल के सामने उम्मीदवारों के गणना एजेंट को बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है और यदि यह सच है तो यह इस चुनाव की सबसे बड़ी धांधली है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव वह कई बार लड़ चुके हैं। हमेशा एआरओ के सामने उम्मीदवारों के गणना एजेंट मौजूद रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस पर ध्यान देगा और इस व्यवस्था को बरकरार रखेगा। माकन ने कहा 'एआरओ टेबल पर 'उम्मीदवार के गणना एजेंटों' को पहली बार अनुमति नहीं दी जा रही है। मैं पहले भी 9 लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुका हूं और यह पहली बार हो रहा है। उन्होंने कहा अगर यह सच है तो यह कथित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-ईवीएम धांधली से भी बड़ा मामला है। मैं इस मुद्दे को सभी उम्मीदवारों के संज्ञान में ला रहा हूं। मुझे आशा है कि चुनाव आयोग इसे जल्द ही सुधार लेगा।

## यादव ने प्रदेशवासियों से नमामि गंगे अभियान में सहभागिता का किया आव्हान



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण व संवर्धन के संबंध में जागरूकता के लिए पांच जून 'पर्यावरण दिवस' से 16 जून 'गंगा दशहरा' तक चलने वाले 'नमामि गंगे अभियान' में प्रदेशवासियों से सक्रिय रूप से भाग लेने का आव्हान किया है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों से यह अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षों और जल से ही यह वसुधा समृद्ध है, यही जीवन का आधार है, अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जनभागीदारी से नदी, तालाब, कुंए, बावड़ी की साफ-सफाई कर, जनसामान्य में जल के प्रति चेतना बढ़ाने के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली जल चेतना संबंधित गतिविधियों का हिस्सा बनें और जल पर केन्द्रित पर्वों से जुड़कर इनके पीछे छुपे रहस्यों को भी समझें।

# 800 कर्मचारी संभालेंगे शिमला लोस सीट की मतगणना का जिम्मा

एजेंसी ‹ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल में लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद अब सबकी निगाहें चार जून को होने वाली मतगणना पर है। शिमला लोकसभा सीट में मतगणना के लिए 800 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की निगरानी में मतगणना कर्मियों की दूसरी रेंडमाइजेशन रविवार को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी शिमला संसदीय क्षेत्र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने की। कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी जिसमें शिमला संसदीय क्षेत्र की मतगणना लगभग 800 कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। दूसरी रेंडमाइजेशन में जिला शिमला के 304, जिला सोलन के 256 और जिला सिरमौर के 243 मतगणना कर्मियों की रेंडमाइजेशन की गई और मतगणना पार्टियों का गठन किया गया है जिन्हे काउंटिंग टेबल 4 जून को मतगणना शुरू होने से पूर्व आवंटित किए जायेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिमला ज्योति राणा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिमला पंकज गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन शिमला राजेन्द्र शर्मा सहित जिला शिमला, सोलन और सिरमौर के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि शिमला संसदीय क्षेत्र में 71.26 प्रतिशत मतदान हुआ है। सिरमौर जिला के नाहन में सबसे ज्यादा और शिमला जिला के कसुम्पटी में सबसे कम मतदान हुआ। कश्यप ने कहा कि शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 3 जिलों के 17 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 71.26 प्रतिशत लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 13 लाख 46 हजार 369 मतदाता है, जिसमे 6 लाख 91 हजार 889 पुरुष मतदाता एवं 6 लाख 55 हजार 921 महिला मतदाता शामिल है। संसदीय क्षेत्र में कुल 2083 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

# विश्व स्वास्थ्य सभा के निर्णय भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आकार देंगे: चंद्रा

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य सभा में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमों में संशोधन, समानता और एकजुटता से भविष्य में महामारी के खतरों से दुनिया की रक्षा करने में मदद की जा सकती है। चंद्रा ने रविवार को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के पूर्ण अधिवेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि छह दिन दिन तक चले अधिवेशन में ऐसे निर्णय लिए गए जो वैश्विक स्वास्थ्य के भविष्य को आकार देंगे। अधिवेशन में चंद्रा विश्व स्वास्थ्य सभा की समिति 'ए' के अध्यक्ष के रूप में रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि समिति 'ए' ने चौदहवें सामान्य कार्य कार्यक्रम, 2025-2028 को संभाला। यह कोविड-पश्चात काल में पहला है और इसने अगले चार वर्षों के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य एजेंडा निर्धारित किया है। उन्होंने कहा, हमने वित्त योगदान और डब्ल्यूएचओ निवेश से इसके संसाधन और सतत वित्तपोषण पर चर्चा की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे पास अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के साधन हैं। चंद्रा ने कहा कि यह समानता और एकजुटता के निर्माण की दिशा में एक और कदम है जो भविष्य की महामारी के खतरों से दुनिया की रक्षा करने में मदद करेगा। यह हमारे बच्चों और नाती-नातिनों के लिए एक उपहार है। उन्होंने कहा, हमने अपने साझा लक्ष्य की दिशा में ऐसे समाधान खोजे जो हमारे एजेंडे को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर लगभग 600 वक्तव्यों के साथ समिति 'ए' ने नौ प्रस्तावों और तीन निर्णयों को मंजूरी दी। तकनीकी मामलों पर 24 रिपोर्टों पर भी विचार किया गया।

## दिग्विजय ने टीवी चैनलों के एक्जिट पोल पर उठाए सवाल



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने टीवी चैनलों के एक्जिट पोल पर सवाल खड़ा करते हुए आज कहा कि राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है, ऐसे एक्जिट पोल तैयार करना संभव नहीं है। सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र तीन ज़िलों में फैला हुआ है- राजगढ़, गुना और आगर मालवा। अगर किसी टीवी चैनल को यहाँ एक्जिट पोल करना था तो उसको इन तीनों ज़िलों में अपने लोग भेजने थे। क्या उन्होंने भेजे राघोगढ़ से लेकर सुसनेर तक एक ही दिन में एक साथ वोट डालकर बाहर आ रहे लोगों से पूछना कि किसको वोट दिया और एक्जिट पोल तैयार करना संभव नहीं। इसके लिए कम से कम 100 लोगों से ऊपर की टीम चाहिए। टीवी चैनलों के एक्जिट पोल्स में राजगढ़ शामिल नहीं है।

# डाक मतपत्र गणना पहले करने के मुद्दे पर आयोग से मिला बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की और कहा कि डाक मतपत्र चुनाव परिणाम में अहम भूमिका निभाते रहे हैं इसलिए पोस्टल बैलट की गणना पहले की जानी जरूरी है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग से प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात के बाद यहां निर्वाचन सदन के बाहर मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में पोस्टल बैलट की अहम भूमिका होती है जो चुनाव परिणामों को इधर से उधर कर सकते हैं। इससे पहले 2019 में आयोग से आग्रह किया गया था कि पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी होने से पहले मतपत्रों की गणना का काम खत्म नहीं किया जा सकता है और तब तक चुनाव परिणाम की घोषणा नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने 2019 के दिशानिर्देशों को बदला है जबकि नियम के अनुसार गाइडलाइन देकर आयोग नियमों को बदल नहीं सकता है। उनका कहना था कि कई बार पोस्टल बैलट के आधार पर भी चुनाव परिणाम बदले हैं इसलिए यह प्रावधान बनाया गया था। कानून के तहत आयोग दिशा निर्देश जारी करके नियम नहीं बदल सकता है।
कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल इससे पहले भी आयोग से इस बारे में दो बार मिल चुका है और आज वह इन मुद्दे पर तीसरी बार आयोग से मिला है।
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि मतगणना के दिन मतगणना अधिकारी से जब पहले पोस्टल बैलट पेपर की गणना की बात की जाती है तो उनका कहना होता है कि इस बारे में आयोग से आदेश लेकर के आएं जो मतगणना के दिन संभव नहीं होता है इसलिए हमने आज आयोग से मुलाकात कर यह अनुरोध किया है।

# खांडू का इस्तीफा, नयी सरकार के शपथ ग्रहण तक पद पर बने रहने का आग्रह

वार्ता ‹ ईटानगर
www.dailypioneer.com



अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता पेमा खांडू ने 19 अप्रैल के हुए विधानसभा चुनाव में हुई मतगणना में पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद रविवार को अपने मंत्रिपरिषद सहित शीर्ष पद से इस्तीफ ा दे दिया। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद खांडू ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनाइक से राजभवन में मुलाकात की और मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया।
राजभवन की विज्ञप्ति के अनुसार, राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और श्री खांडू तथा मंत्रिपरिषद से नयी सरकार के शपथ ग्रहण तक पद पर बने रहने का आग्रह किया। इसने यह भी कहा कि राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 (2) (बी) के प्रावधान के अंतर्गत मंत्रिमंडल की सलाह भी स्वीकार की और अरुणाचल प्रदेश की सातवीं विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किया।
उल्लेखनीय है कि वर्तमान विधान सभा का कार्यकाल आज ही समाप्त हो रहा है। साठ (60) सदस्यीय विधानसभा में, भाजपा ने 46 सीटें प्राप्त की हैं, जिनमें 10 निर्विरोध चुने गये सदस्य भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री खांडू उन 10 उम्मीदवारों में शामिल हैं जो निर्विरोध जीते। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने पांच सीटें जीतीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को तीन और क्षेत्रीय दल पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) को दो सीटें प्राप्त हुई। विपक्षी कांग्रेस केवल एक सीट जीतने में सफ्ल रही। तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी चुनाव में जीत प्राप्त की।
इस बीच, राज्यपाल ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राज्य प्रशासन को 'सफलतापूर्वक' चलाने के लिए मुख्यमंत्री खांडू की सराहना की।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे कोण्डागांव, नक्सली समस्या से मुक्ति विषय पर हुई बैठक, कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा 2 जून की दोपहर बाद जिला मुख्यालय कोण्डागांव पहुंचे। कोण्डागांव पहुंच उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन में कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात की। दरअसल, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा नक्सली मुक्त अभियान के तहत कोण्डागांव के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने से पहले उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन में पहुंचकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी भी मौजूद रहीं। कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के 11 के 11 लोकसभा सीट पर जीत का दावा भी किया है। बस्तर संभाग समेत पूरे छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार कटिबद्ध है। इसी संबंध में जिला मुख्यालय कोण्डागांव के एक निजी होटल में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। कोण्डागांव पहुंचने के संबंध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि, बस्तर संभाग को नक्सल मुक्त किए जाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसके लिए पुनर्वास नीति का संचालन भी किया जा रहा है, ताकि पुनर्वास योजना के तहत नक्सली समर्पण के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। बस्तर का बुद्धिजीवी संगठन निरंतर बस्तर के विकास और नक्सल मुक्ति के लिए कार्यरत है। संगठन के माध्यम से आज कोण्डागांव में एक बैठक का आयोजन किया गया है जहां बुद्धिजीवों के विचार आमंत्रित किए गए हैं। ताकि बस्तर से नक्सलवाद समाप्त हो और विकास किस तरह से किया जा सकता है, इस बारे में चर्चा की जाएगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, महामंत्री तरुण साना, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, आकाश मेहता, प्रवीर बदेशा, मनोज जैन, अनिल अग्रवाल, गोपाल दीक्षित, इत्यादि पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माओवादियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक ग्रामीण हुआ गंभीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




ग्रामीण माड़वी नन्दा पिता भीमा माड़वी उम्र 22 वर्ष ग्राम छुटवाई स्कूलपारा का निवासी है जो अपने नीजि ट्रेक्टर से तर्रेम की ओर जा रहा था छुटवाई और गुण्डम के मध्य तोयानाला के पास ट्रेक्टर रोकर कर रोड किनारे पेशाब के लिये गया जहां माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आई ई डी की चपेट में आने से ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया। तोयानाला के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जहां जवानों के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है, माओवादियों ने सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने की नीयत से आई ई डी लगाई गई थी जिसके चपेड में ग्रामीण आ गया और बुरी तरह घायल हो गया घायल ग्रामीण की मदद के लिए चिन्नागेलुर स्थित कैम्प के जवानों ने त्वरित उपचार हेतु कैम्प लाकर घायल ग्रामीण का उपचार किया गया, प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बीजापुर के लिए रवाना किया गया है।

## नक्सलियों ने मोबाइल टॉवर को किया आग के हवाले

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के धौड़ाई थाना क्षेत्र के दुर्मी गांव में लगे एक मोबाइल टॉवर को शनिवार रात नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। टावर में इतनी ज्यादा लपट थी कि सब कुछ जलकर खाक हो गया। नक्सलियों ने वहां खूब उत्पात मचाया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी बीजापुर के ग्राम कांदुलनार व आदेड़ में लगे दो मोबाइल टॉवर को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया था।

# अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह 3 से 9 जून तक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह (03 से 09 जून 2024) मनाया जायेगा। इस दौरान महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय सिविल लाइंस रायपुर स्थित कला विथिका में छत्तीसगढ़ अंचल के लगभग 70 से 100 साल पुरानी ऐतिहासिक दस्तावेजों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इस प्रदर्शनी में 1927 में रायपुर नगर स्थित बूढ़ा गार्डन को मनोरंजन उद्यान और लारी म्यूनिसिपल स्कूल के खेल मैदान विस्तार के लिए नगरपालिका समिति रायपुर को सौंपने संबंधी अभिलेख; आजादी के पहले लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि एवं गांधी जी के जन्मदिन पर स्थानीय अवकाश घोषित करने रायपुर नगरपालिका के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा संकल्प पारित कर उपायुक्त रायपुर को लिखा गया पत्र; राजिम जिला गरियाबंद के पुरातात्विक स्थल सीताबाड़ी को भारत सरकार द्वारा 1938 में संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना; छत्तीसगढ़ के 14 देशी राज्यों के एकीकरण सबंधी अभिलेख; रायपुर के राजकुमार कॉलेज में सन् 1948 में तरणताल और टेनिस कोर्ट निर्माण के लिए विभिन्न रियासतों द्वारा दिये गए अनुदान संबंधी दस्तावेज, रायपुर के माना में शरणार्थी कैंप शुरू करने और शरणार्थियों के रायपुर आगमन पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के संबंध 1948 में रायपुर के तत्कालीन उपायुक्त द्वारा लिखे गये ज्ञापन से संबंधित दस्तावेजों को देखा जा सकता है। इसके साथ ही सन् 1948 में रायगढ़ जूट मिल में मजदूर आंदोलन की घटना; सन् 1953 में छुईखदान को खैरागढ़ तहसील में सम्मिलित किये जाने के निर्णय के फलस्वरूप स्थानीय विरोध और गोलीकांड की घटना से संबंधित अभिलेख भी इस प्रदर्शनी में शामिल होंगे। वहीं, सन् 1949 की एक अधिसूचना से यह जाना जा सकता है कि रायपुर खम्हारडीह में शंकर भगवान के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उसका नाम परिवर्तित कर शंकर नगर किया गया। बस्तर में दशहरा को पूर्व की भांति राज्य उत्सव के रूप में मनाये जाने के सरकार के निर्णय और भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए रशियन विशेषज्ञों के आगमन और जमीन, पानी के परीक्षण हेतु कोष आबंटन तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में विद्युत आपूर्ति हेतु तत्समय किये गए सरकारी प्रयासों एवं सन् 1866 में रायपुर नगरपालिका परिषद के गठन के समय से लेकर वर्तमान तक समय-समय पर हुए वार्डों के पुनर्गठन सबंधी दस्तावेज भी इस प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण होंगे। प्रदर्शनी का निःशुल्क अवलोकन 03 से 09 जून तक कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। इस 07 दिवसीय कार्यक्रम में 07 जून 2024 को विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान भी होंगे।

# सुकमा में आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। इनमें तीन महिलायें भी शामिल हैं।

इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की। मिली जानकारी के अनुसार, इन नक्सलवादियों में से कई के सिर पर इनाम भी था। अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान 'पूना नर्कोम' (नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं जिन्हें कथित तौर पर सड़कें काटने, माओवादी पर्चे और पोस्टर लगाने और सुरक्षाकर्मियों की जानकारी प्राप्त करने और माओवादियों के लिए अवैध उगाही करने का काम सौंपा गया था। इन सभी ने रविवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में से महिला नक्सली वेट्टी मासे (42) पर दो लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि तीन अन्य नक्सलियों सागर उर्फ देवा मडकम (31), पोडियाम नांदे (30) और सोढ़ी तुलसी (32) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। आज इन सभी नक्सलवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसर्पण कर दिया।

## नक्सलवाद और लाइन ऑर्डर का करुगा पूरा पालन : विजय शर्मा

**रायपुर।** अमलेश्वर में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के चल रहे शिवमहापुराण कथा के समापन दिवस के अवसर पर कथा श्रवण करने पहुंचे राज्य के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जब भी कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का आगमन रायपुर में हुआ है। उन्हें सुनने के लिए लाखों की संख्या में भक्त पहुंचते है। क्योंकि वे आमजनों से जुड़े हुए विषयों को लेकर बात करते है, हम सबका मार्गदर्शन इसी तरह मिलता रहे। महाराज जी सभी भक्त ों की समस्या का हल बताते हुए हैं मैं उनसे आग्रह करता हूं कि वह भी हम राजनेताओं की समस्याओं का हल एक दिन जरुर बताएं। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार पालनधारी सरकार है और महाराज के समक्ष संकल्प लेना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ की इस पावन धरती से हैं मैं नक्सलवाद और लाइन ऑर्डर की बात को पूरा करके रहूंगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, आयोजक पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, मोनू साहू व विशेष सहयोगी बसंत अग्रवाल उपस्थित थे।

# सामान्य प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा




पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम. टी. रेजू ने आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के साथ ग्राम नाथियानवागांव के पॉलिटेक्निक में मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने मतगणना स्थल में की गई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजु ने आज सुबह 10:30 बजे ग्राम नाथियानवागांव स्थित पॉलिटेक्निक पहुंचकर अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा के मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निर्गम द्वार और बेरिकेडिंग का अवलोकन किया। साथ ही ईटीपीबीएस स्केनिंग हॉल, डाक मतपत्र गणना कक्ष सहित सी.सी.टी.व्ही. कैमरा से निगरानी की भी जानकारी ली। उन्होंने गर्मी को देखते हुए मतगणना कर्मियों के लिए पेयजल, कूलर-पंखे के पर्याप्त इंतजाम के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल सहित मतगणना कार्य से जुड़े नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## किरंदुल से हिरोली के बेस कैम्प तक दुपहिया वाहन और एम्बुलेंस में सफर तय किया

# पहुंचविहीन क्षेत्र बड़ेपल्ली में स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com




शनिवार को ग्राम पंचायत गुमियापाल के पहुँच विहीन क्षेत्र बड़ेपल्ली में स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस की संयुक्त टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

स्वास्थ्य शिविर हेतु टीम सुबह 7 बजे किरंदुल सीएचसी से रवानगी हुई। किरंदुल से हिरोली के बेस कैम्प तक दुपहिया वाहन और एम्बुलेंस में सफर तय किया गया उसके पश्चात हिरोली के बेस कैम्प से पैदल बड़ेपल्ली के लिये सफर तय किया गया हिरोली से बड़ेपल्ली पैदल आने जाने में कुल 30 किमी का सफर तय किया गया

सफर के दौरान 4 से 5 पहाड़ पार किये गये भीषण गर्मी में यह सफर करना बेहद मुश्किल काम था फिर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसलिये मुश्किल परिस्थिति में भी बड़ेपल्ली पहुंची और वहां पहुंच कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा दी गयी। स्वास्थ्य शिविर में कुल 196 लोगों का स्क्रीनिंग किया गया, शिविर में आये ग्रामीणों का रोग के अनुसार प्राथमिक उपचार दिया गया,30 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी लोगो का एनसीडी जांच किया गया, सभी ग्रामीणों का मलेरिया जांच किया गया साथ ही एचबी टेस्ट और शुगर टेस्ट किया गया,टीबी स्क्रीनिंग की गयी,बच्चों का वजन लिया गया उन्हें पोषण आहार वितरित किया गया, कुपोषण की जांच की गयी, साथ ही बच्चों को रोगप्रतिरोधक टीके लगाये गये और गर्भवती महिला की जांच की गयी और आयरन की दवा वितरित की गयी साथ ही सभी को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।मौके चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि कोरी,बीईटीओ राजेश बेहेरा,आरएमए नीरज साहू,शमीम रज़ा, नैना कश्यप, ममता ठाकुर, श्वेता हलधर,नूपुर मंडल, ओमीन पटेल, यामिनी पारकर, रानी राव, देविका, सुंदरी, सोमली तेलाम, परन पटेल, विवेक विश्वास उपस्थित थे।

# आमाडोल में 20 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस की आबकारी एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




अवैध शराब पर खरसिया पुलिस की कार्यवाही को देखते हुए थाना प्रभारी व विवेचकगण को अवैध शराब की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में थाना खरसिया की महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम आमाडोल का मोहन लाल पटैल नाम का व्यक्ति पैदल थैले में शराब रखकर छोटे देवगांव की ओर आ रहा है। पुलिस ने आमाडोल में रोड़ पर घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा जिसने अपना नाम मोहनलाल पटैल पिता संतोष कुमार पटैल उम्र 26 वर्ष निवासी छोटे देवगांव हाल मुकाम आमाडोल का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से पुलिस ने चार नग 05-05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3,000 मिला, जिसकी विधिवत जप्ती की गई तथा आरोपी के कृत्य थाना खरसिया में धारा 34 (2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# बाल कलाकारों ने लघु नाटिका के माध्यम से दिया पर्यावरण सरंक्षण का सन्देश

## हम प्रकृति को प्रदूषित करके अपने शरीर को खराब कर रहे हैं : ब्रह्माकुमारी सविता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (विकास योजना) अरूण कुमार पाण्डे और प्रधान मुख्य वन सरंक्षक अनिल कुमार साहू ने भाग लिया। अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। चर्चा का विषय था - पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व। इस अवसर पर बोलते हुए अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। पर्यावरण को सरंक्षित और सवंर्धित करने के लिए जहाँपर भी खाली जगह मिले वहाँ पेड़ लगाकर प्रकृति से जुड़ें। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। जब तक हम आत्म केन्द्रित रहेंगे तब तक अपना और प्रकृति का विनाश करते रहेंगे। हम मनुष्यों ने मिलकर विनाश की लीला रची है। इसलिए हमें ही इसे ठीक करना होगा। वर्तमान समय पर्यावरण की रक्षा के लिए आन्दोलन शुरू करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें मिल जुलकर कार्य करना होगा। अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (विकास योजना) अरूण कुमार पाण्डे ने कहा कि कार्बन के उत्सर्जन को कम करना हमारे हाथ में नहीं है किन्तु हम पेड़ लगाकर उसके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आगामी बरसात के समय हरेक व्यक्ति कम से कम एक पीपल का पेड़ लगाए तो वह पर्यावरण सरंक्षण के कार्य में बहुत बड़ा योगदान कर सकता है। पीपल ऐसा अनोखा पेड़ है जो कि रात में भी आक्सीजन प्रदान करता है। प्रधान मुख्य वन सरंक्षक अनिल कुमार साहू ने छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत वृक्ष हमारे जीवन का आधार नामक नृत्य नाटिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में प्रकृति के सरंक्षण के प्रति जज्बात पैदा करना बहुत ही अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सन्तुलन बिगडऩे से मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें रिन्युएबल एनर्जी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा। रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि हमारा शरीर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर बना है। हम प्रकृति को प्रदूषित करके अपने ही शरीर को खराब कर रहे हैं। जंगल कटने से गर्मी बढ़ती जा रही है, पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। उन्होंने बतलाया कि प्रकृति के साथ-साथ मन के प्रदूषण को भी खत्म करने की जरूरत है। इससे पहले ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और जानवरों की सुरक्षा से ही पर्यावरण सरंक्षण संभव है। पर्यावरण प्रदूषण के लिए प्लास्टिक को सबसे बड़ा खतरा बतलाते हुए उन्होंने इसका उपयोग कम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बाल कलाकारों ने वृक्ष हमारे जीवन का आधार नामक सुन्दर नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रकृति को बचाने का सन्देश दिया। बाद में अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक प्रेमकुमार और अरूण कुमार पाण्डे ने शान्ति सरोवर में वृक्षारोपण किया।

## कृषि उपज मण्डी भाटापारा में लगातार तीसरे दिवस भी ओआरएस का वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा के मण्डी प्रांगण में लगातार तीसरे दिवस भी ओआरएस घोल का वितरण मण्डी प्रागण के अंदर एवं बाहर विपणन कार्य हेतु आये कृषक वर्ग व वाहन चालकों सहित मण्डी प्रांगण में काम कर रहे रेजा हमाल, पुरूष हमाल, कांटा हमाल सहित तौलैयों को वितरण किया गया। विदित हो कि मण्डी बोर्ड मुख्यालय रायपुर व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा दिशा निर्देश दिया गया है कि तपती भीषण गर्मी 46 डिग्री तापमान में श्रमिक मजदूर सहित बाहर से आये कृषक वर्ग के साथ वाहन चालकों को राहत प्रदान करने हेतु उन्हें लगातार शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जिसके अनुपालन में मण्डी सचिव के मार्गदर्शन में मण्डी कर्मचारीगण

## अल्ट्राटेक रावन में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अल्ट्राटेक रावन लाजिस्टिक विभाग एवं सिक्यूरिटी विभाग के संयुक्त प्रयास से ट्रकयार्ड के सारथी प्रषिक्षण केन्द्र में वाहन चालको को अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 31.05.24 को कर जागरूक किया गया। गर्मी के दिनो में सड़क में चलते हुए वाहनों में आग लगने की घटना देखने को मिलता है। ट्रक ड्रायवर खाना पकाने के लिए सिलेण्डर या स्टोव का उपयोग करते है। जोकि थोड़ी लापरवाही या चूक होने पर भयानक दुर्घटना का रूप ले लेती है, सामान के साथ गाड़ी जलकर राख हो जाता है, जिससे जान और माल की भारी नुकसान होता है। अग्नि का उपयोग कैसे सुरक्षित ढंग से करना चाहिए जिससे हम दुर्घटनाओं को होने से रोक सकते है की जानकारी सिक्यूरिटी विभाग के ऑफिसर देवेश वर्मा द्वारा विस्तार से प्रदान की गयी। साथ ही ट्रक ड्रायवरों को वर्तमान गर्मी में अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण बातों की जानकारी भी प्रदान की गयी। इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित ट्रक ड्रायवरों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए ज्ञानवर्धक व जरूरी बताया साथ हि समय समय पर इस तरह के आयोजन के लिए अपील की। इस कार्यक्रम में सिक्यूरिटी विभाग से ऑफिसर देवेश वर्मा एवं टीम व लाजिस्टिक विभाग प्रमुख रतनेश शुक्ला, अभिषेक चांडा, भास्कर शुक्ला, प्रकाश जेना, दुर्गा वर्मा, युगल शर्मा एवं विजय वर्मा की उपस्थिति रही।

## पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अभियान सृजन के तहत पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश ठाकुर, एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शराब कोचियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, सटोरियों एवं अन्य अवैधानिक कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में शादी करने का झांसा देते हुए महिला का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थिया द्वारा 31.05.2024 को थाना भाटापारा शहर में उपस्थित होकर लिखित आवेदन देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई की, मैं एक मार्केटिंग कंपनी में काम करती हूं तथा कंपनी का सामान बिक्री करने के सिलसिले में भाटापारा आना जाना लगा रहता है। इसी दरम्यान रेलवे स्टेशन के पास आरोपी मुकेश पटेल से जान पहचान होने से मुलाकात एवं बातचीत होती थी। आरोपी मुकेश पटेल द्वारा 12.05.2024 से 29.05.2024 तक मुझे भाटापारा में किराए का मकान में रखकर शादी करने का झांसा देते हुए लगातार मेरा शारीरिक शोषण किया है, कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 277/2024 धारा 376 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश पटेल पिता शिव कुमार पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर को पकड़कर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार किया। कि प्रकरण में आरोपी मुकेश पटेल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## कुमारी भास्कर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सतनामी समाज ने किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के सपथ ग्रहण समारोह आठगंवा परिक्षेत्र बागबाहरा के कार्यक्रम के शुभ अवसर पर महिला मोर्चा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रगतिशील छतीसगढ़ सतनामी समाज में सामाजिक भावना से उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में कुमारी भास्कर (जनपद अध्यक्ष) को मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद भातपहरी एंव एस.आर. बंजारे एवं समाज के वरिष्ठजनों द्वारा मोमेंटो व गमछा से सम्मानित किया गया।

## अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र सीएसआर द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा ग्रामिण युवाओं हेतु त्रैमासिक ब्यूटिशियन, कम्प्यूटर एवं बेसिक सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क है। इस प्रशिक्षण हेतु 20 कम्प्यूटर सेट 15 सिलाई मशीन तथा ब्यूटिशियन ट्रेनिंग हेतु उपकरण एवं प्रशिक्षित ट्रेनर की व्यवस्था की गई है। इस प्रशिक्षण में वयवहारिक एवं सैद्वांतिक प्रशिक्षण के अलावा विशेषज्ञ प्रशिक्षणों का विजिट कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण को भी इस कोर्स में शामिल किया गया है। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु केन्द्र में संपर्क कर सकते है। इस पहलों का उद्देश्य युवाओं को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। जिसमें इन समुदायों में आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव और पर्यावरण विभाग से प्रमुख संजय यादव एवं सुनील त्रिपाठी, स्वागता पटनायक, सोनाली गायकवाड़, सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति, रंजय पाण्डे, और सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, दयाराम वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, साहिल पैकरा, ताराचंद वर्मा एवं धनेश्वरी साहू इन सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। जिसमें 130 लाभार्थियों की भागीदारी रही।

## कोटनाः सीजन में भी ऑफ सीजन जैसा, शहरी मांग में भारी गिरावट




पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

हर आकार की मांग, हर क्रय शक्ति को ध्यान में रखते हुए बनाया गया लेकिन औसत ही है जलकुंड याने कोटना की मांग। आएंगे अच्छे दिन जैसे वाक्य से इसलिए दूरी बना रहा है यह कारोबार क्योंकि मानसून के दिन करीब आ रहे हैं। पत्थर का नहीं, अब बनाया जा रहा है सीमेंट का कोटना। खरीदा भी जाता है लेकिन बढ़ते पशुधन के बावजूद भीषण गर्मी में भी मांग का स्तर जस का तस है। ऐसे में नए निर्माण की गति धीमी किये जाने की योजना है। वैसे भी बारिश के दिनों में उत्पादन कमजोर रहता आया है।

### सेवा भावना गायब

पशुधन के मामले में जिला बेहद धनी माना जाता है लेकिन चारा और पानी की तलाश में भटकते मवेशी प्रमाण हैं कि सेवा की भावना तेजी से ख़त्म हो रही है। समान भागीदारी ऐसे मवेशी मालिकों की भी है जिन्होंने अपने मवेशी खुले में इसलिए छोड़ दिए हैं क्योंकि चारा की खरीदी नहीं करना चाहते। इनमे ऐसी गायों की संख्या ज्यादा है, जिन्होंने दूध देना छोड़ दिया है।

### शहर कम, गाँव ज्यादा

गौ सेवा के मामले में शहर तेजी से पीछे हो रहा है। इसमें भी आबादी क्षेत्र अव्वल स्थान पर है। जबकि यही क्षेत्र गौ सेवा पर खूब अभियान चलाता है और प्रवचन देता है। दिलचस्प बात यह है कि प्रवचन पर अमल के मामले में ग्रामीण क्षेत्र की हिस्सेदारी शिखर पर है। चलाया जाना चाहिए घुमंतू मविशियों की सेवा के लिए अभियान लेकिन पहल कौन करेगा?

### निर्माण की गति धीमी

श्रम साध्य काम था पत्थर का जलकुंड याने कोटना का बनाया जाना। अब सीमेंट के जलकुंड बनाए जा रहे हैं। आकार और क्रय शक्ति को देखते हुए इकाईयां 300 से 650 रूपए तक की कीमत वाले कोटना बना रही हैं। लेकिन औसत ही है इनकी मांग। यह इसलिए भी क्योंकि प्लास्टिक के ड्रम विकल्प के रूप में सामने हैं। यही वजह है कि कोटना बनाने वाली इकाईयां निर्माण की गति धीमी करने की कोशिश में हैं।

# थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच 6 सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारी करेंगे मतगणना

## मतगणना की तैयारी हुई पूरी, कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण कर लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 आम चुनाव अन्तर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मीडिया सेंटर, स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के केन्द्र बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने मतगणना स्थल का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। मतगणना की माकड्रिल की गई साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को मतगणना स्थल का अवलोकन कराया गया है। इस दौरान कलेक्टर ने सहायक रिटर्निगं अधिकारियों को मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने की जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश भी दिए। रिटर्निंग अधिकारियों ने सहायक मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए है। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मतगणना हाल में मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध होगी।अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इसकी अलग से सूचना दे दी गई है।

### मीडिया सेंटर में प्रवेश के लिए प्राधिकार पत्र अनिवार्य

मतगणना स्थल नवीन मंडी परिसर में ही प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के फोटोयुक्त प्राधिकार पत्र एवं संस्था से संबंधित पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। इसके बिना मीडिया सेंटर में प्रवेश पर पाबंदी है। मीडिया प्रतिनिधियों एवं मतगणना में लगे कर्मचारी अधिकारियों का प्रवेश बलौदाबार से सोनहाडीह की तरफ जाने वाले मार्ग के पहले गेट जिसे गेट क्रमांक 2 से बनाया गया है। केवल मीडिया प्रतिनिधियों को ही मोबाईल एवं सहायक उपकरण मीडिया सेंटर तक ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल लाना प्रतिबंधित है। मीडिया सेंटर में टीवी की भी व्यवस्था की गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून को नवीन मंडी परिसर बलौदा बाजार में प्रातः 07 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान मतगणना शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चौहान के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। यहां जगह-जगह पर कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रवेश की पात्रता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर के एल चौहान ने बताया कि जिले में विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। जहा पर मतगणना हेतु जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा सह उप क्षेत्र विधानसभावार कक्ष तैयार किया गया है। जहा पर बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवं कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए हैं। इन टेबलो से बलौदाबाजार में 22 राउंड,भाटापारा में 21 राउंड एवं कसडोल में 20 राउंड में मतगणना पूरी होंगी। मतगणना परिसर में सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कुल 03 चरणों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में जिला पुलिस बल तैनात रहेगा, यहां 100 मीटर के परिधि में किसी की भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय चरण में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात रहेंगे जिनके द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम हेतु सघन जांच की जाएगी। तृतीय चरण में मतगणना कक्ष के बाहर भी सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात होंगे और उनके द्वारा भी सघन जांच की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मंडी परिसर के गेट क्रमांक 1 से अभ्यर्थियों के अधिकृत अभिकर्ताओं, प्रत्याशियों का प्रवेश द्वार बनाया गया है। बलौदाबार से सोनहाडीह की तरफ जाने वाले मार्ग के पहले गेट को क्रमांक 2 आगे वाले को क्रमांक 1 बनाया गया है। अधिकारियो कर्मचारियों की पार्किंग मंडी परिसर के अंदर, राजनीतिक दलों के अधिकृत अभिकर्ताओं का वाहन पार्किंग परिसर के बाहर रखी गई है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए की जा रही है विशेष व्यवस्था

भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के निर्देश में मतगणना में लगे सभी कर्मचारियों अधिकारी, पुलिस के जवानों साथ अधिकृत ऐजेंटो के लिए पीने के पानी की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पूरे परिसर में जगह जगह ठंडी कैन का जार युक्त पानी उपलब्ध रहेगी ताकि सभी को पर्याप्त पेयजल मिलती रही है। साथ ही अलग से रनिग वाटर एवं बड़े बड़े ड्रमों में छोटी छोटी पानी की बॉटल ठंडी हुई उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही पहली बार सभी अधिकारी कर्मचारी, पुलिस एवं अधिकृत एजेंटो के लिए छाछ,दही एवं आमपना की भी व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है। बीच बीच में सभी को पिमरमेंट भी अलग से प्रदान किया जाएगा। इसी तरह मतगणना कक्ष में गर्मी कम से कम लगे इसके लिए सभी कक्षो पर्याप्त कूलर लगाया गया है। कूलर में पानी हमेशा उपलब्ध रहे इसके लिए अलग से कर्मचारी को नामजद ड्यूटी लगाई गई है। साथ कक्ष में गर्म हवा बाहर जाएं इसके लिए नए जगह बनाकर एडजास्ट फैन भी अलग से पहली बार लगाई गई है। जिला प्रशासन की पूरी कोशिश लोगो को कम से कम गर्मी लगे इस पर जोर रखा गया है। साथ ही किसी की व्यक्ति की तबियत बिगड़ जाती हो तो उसके लिए परिसर के अंदर बाहर 1-1 कुल 2 एम्बुलेंस सहित डॉक्टरों की पूरी टीम उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही परिसर में एक अस्थायी अस्पताल भी बनाया गया है।

# मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए पिटियाझर मंडी परिसर में किया गया रिहर्सल

## गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता | महासमुंद
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले में 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए पिटियाझर मंडी परिसर में सुबह 11 बजे से रिहर्सल किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल एवं कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का जायजा लिया। प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कार्य संपन्न कराना है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर के साथ पूरी तैयारी का जायजा लिया। आवश्यकतानुसार निर्देश दिए। मतगणना कार्य से संबंधित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रो आब्जर्वर, एजेंट, मीडिया व अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए यह अभ्यास किया गया। उद्घोषक कक्ष में हर राउंड की जानकारी दी जाएगी। सुबह 7 बजे से सभी अपने टेबल पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। कलेक्टर ने कहा कि मतों की गोपनीयता भंग न हो इसके लिए मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। पान, गुटखा, बीड़ी एवं अन्य मादक पदार्थ भी प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर राउंड में 14-14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। कलेक्टर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं कूलर में पानी भरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डाकमत पत्रों की गणना के बाद ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के मापदण्डों के अनुसार मतगणना कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस घोल एवं अन्य दवाईयां रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर मलिक ने मतगणना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उद्घोषणा कक्ष, मीडिया कक्ष, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर कक्ष, जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना कर्मियों, सेण्ट्रल टेबिुलेशन, सिलिंग कार्य तथा स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीन लाने व ले जाने एवं अन्य कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आने-जाने तथा उनसे संबंधित कार्यों तथा प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गोठनों को बंद करना भाजपा की राजनीतिक विद्वेष : विनोद चंद्राकर

## भूपेश कार्यकाल में बनी योजनाओं का नाम बदलकर किया जा रहा प्रस्तुत



पायनियर संवाददाता | महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के पास जनहित की कोई नई योजना नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनी योजनाओं का नाम बदलकर पेश किया जा रहा है। नाम बदलने में माहिर भाजपा सरकार ने गोठान योजना को बंद कर गौ वंश अभयारण्य बनाने की तैयारी की है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में भूपेश बघेल सरकार ने महत्वाकांक्षी 'नरवा-गरवा-घुरवा-बारी' योजना के तहत गांव-गांव में गोठान खुलवाए। इसके तहत गांवों में आवारा और पालतू मवेशियों के रख-रखाव का केंद्र बनाया गया। इसे ग्रामीणों की आजीविका से भी जोड़ा गया। गोठान में ग्रामीणों के पालतू मवेशियों को हर रोज एक निश्चित समय तक रखा जाता, ताकि वे खुले में घूमकर फसलों को नुकसान न पहुंचाएं और उनके चलते दुर्घटनाएं न हों। साथ ही आवारा और स्वामी विहीन मवेशियों को भी इस गोठान में रखा जाता था। इसके अलावा सरकार ने गोबर खरीदी योजना भी चलाई और गोबर से खाद बनाकर उसे किसानों को बेचने का कार्य भी शुरू किया। महिला समूहों को काम मिला। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार के पास गौ सेवा के लिये कोई प्लानिंग नहीं है। कांग्रेस सरकार में गावों में गौठान बनाकर सरकारी जमीन को संरक्षित किया गया। गोठान में परंपरागत व्यवसाय को शुरू किया गया। महिला स्वसहायता समूह दो रुपए किलों में गोबर, 4 रू में गौ मूत्र खरीदी करते थे। गौठान से वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद बनाये जाते थे, जो पांच माह से बंद है, अब नाम बदलकर उस योजना को फिर शुरू किया जा रहा है। गौठान ऐसी योजना थी जहां ग्रामवासियों को जोड़कर गोवंश का संरक्षण किया जाता था। इस योजना में गोवंश के साथ महिला समूहों के भी आर्थिक उन्नति का मार्ग खुला था। गोधन न्याय योजना में हर आदमी का फायदा था, पशुपालक, चरवाहे गोबर बेचकर मुनाफा कमा रहे थे। साथ ही गायों का संरक्षण होता था और गायों को दाना, पानी मिलता था। सरकार बदलने पर राजनैतिक द्वेष के कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस योजना को बंद किया। चंद्राकर ने कहा कि अभयारण्य जंगलों में होता है, तो क्या साय सरकार गांव के मवेशियों को जंगलों में रखेंगे। हर गांव, में कितने अभयारण्य बनाएंगे। इस योजना से कोई लाभ नहीं मिलने वाला।

### ई-वे बिल पर छूट समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों पर अत्याचार

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में रोजगार के अवसर खत्म कर, बड़े सरकारी संस्थानों को अपने चंद पूंजीपति मित्रों को सौंपकर तथा देश के 2 करोड़ युवाओं को प्रति वर्ष सरकारी नौकरी देने का झांसा देकर उन्हें धोखा देने वाले भाजपा की जुमलेबाज सरकार की नजर अब छोटे व मध्यम व्यापारियों पर पड़ गया है। भाजपा सरकार ने 2018 से दी जा रही ई-वे बिल पर छूट समाप्त कर दिया है। जिससे छोटे व मध्यम व्यापारियों को व्यापार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। चंद्राकर ने कहा कि यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। जब से राज्य में भाजपा सरकार बनी है। सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों के दिये टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है। उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है? पांच महिने में लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे मारी करवाया। अब सरकार उन्हें परेशान करने ई वे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया है। चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बिना प्लानिंग के जिस समय जीएसटी लागू किया गया उस दौरान कांग्रेस ने जीएसटी के कई स्लैब और इसके कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए थे। जीएसटी के विषय में अब तक 3000 से अधिक सुधार किया गया है। उसके बावजूद जीएसटी की समस्या निरंतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने व्यापारियों के इस समस्या को समझते हुए केंद्र में सरकार बनने पर जीएसटी का सरलीकरण और सुविधाजनक बनाने का वादा किया है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद व्यापारियों को अनियमित जीएसटी से राहत मिलेगा वह व्यापारियों से हो रही अवैध वसूली बंद होगी।

# प्रदेश स्तरीय कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, गोलू कैवर्त बनाए गए संगठन प्रभारी

पायनियर संवाददाता | लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ श्रम जीवी पत्रकार कल्याण संघ का त्रैमासिक बैठक 2 जून रविवार को तिल्दा मुख्यालय ब्लॉक स्थित सिंधी धर्मशाला भवन में आयोजित रहा है। जंहा श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश कार्यसमिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहा। इस बैठक में विभिन्न जिलों में रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, फरसगांव, बलौदाबाजार, सहित मुंगेली कोरबा से पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष आसिफ इकबाल, प्रदेश महासचिव बी डी निजामी, अविनाश ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी थे। प्रदेश कार्यसमिति ने गोलू कैवर्त प्रेस क्लब अध्यक्ष लवन को बलौदाबाजार जिला संघठन का प्रभारी बनाए गए। आने वाले दिनों में बलौदाबाजार जिला में पुनर्गठन गोलू कैवर्त के जिम्मेदारी में सम्पन्न होगा। प्रदेश कार्यसमिति के बैठक में पत्रकारों को संघटित होकर काम करने सहित जनसरोकार के मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाने की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उक्त बैठक में फरसगांव से विजय, इंदर कोटवानी, ललित अग्रवाल, संतोष साहू, रूपेश जोशी, विजय साहू, संजय जांगड़े, कविता चतुर्वेदी सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में सरकारी अस्पताल के एंबुलेंस में लगी आग

पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग इतनी भीषण थी की देखते ही देखते एम्बुलेंस पुरी तरह जल गई। यह मामला रविवार सुबह लगभग पांच बजे के आसपास का बताया जा रहा है। आग लगने पर तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई, दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस में जिस समय आग लगी उस समय एंबुलेंस में कोई मरीज या ड्राइवर सवार नहीं था। फ्लिहाल एंबुलेंस में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, तो वहीं अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## सेल फोन रिपेयर एंड सर्विस का नि :शुल्क प्रशिक्षण 4 जून से शुरू, 3 जून तक करा सकते है पंजीयन

पायनियर संवाददाता | महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद जिले के युवाओं के लिए सेल फोन रिपेयर एंड सर्विस का निःशुल्क प्रशिक्षण 04 जून 2024 से शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित है। निदेशक बैंक ऑफबड़ौदा (आरसेटी) टुटू बेहरा ने बताया कि जो प्रतिभागी निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, वे संस्थान में पहुंचकर 03 जून 2024 तक अपना पंजीयन निःशुल्क करा सकते हैं। प्रशिक्षण पंजीयन के लिए बी.पी.एल. राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज की तीन फोटो, दस्तावेज साथ लाएं। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिए प्रातः 10:00 बजे से 6:00 बजे तक कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673 एवं प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402-81974 पर सम्पर्क कर सकते है।

# माहेश्वरी समाज का परिचय सम्मेलन, संस्कृति एवं संस्कारों को बचाने किया गया आयोजन, शामिल हुए संदीप काबरा






पायनियर संवाददाता | बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में और माहेश्वरी पंचायत दुर्ग द्वारा पृथ्वी पैलेस में आयोजित अतिथ में विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए दुर्ग में परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें राजधानी से अनेक युवक युवती शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंधड़ा ने बताया कि आयोजन में 600 से ज्यादा पंजीयन हुए, जिसमें लगभग 300 प्रत्याशी अपने अभिभावक के साथ पहुंचे हैं। एक जोड़े का रिश्ता तुरंत हुआ, अनेक जोड़े के रिश्ते की बात आगे बढ़ती। प्रचार प्रभारी विष्णु शारदा ने बताया युवक युवतियों को अपने जीवनसाथी चुनाव के समय किन-किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए। उस पर चर्चा हुई सभी प्रत्याशियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया गया। बायोडाटा संग्रह एवं पारिवारिक जानकारी से परिपूर्ण पुस्तक का विमोचन किया गया। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने कहा युवक युवती को मंच देने का उद्देश्य बढ़ती सामाजिक समस्या है। उम्र बढ़ रही है, शादियां नहीं हो रही है, यह समस्या प्रत्येक परिवार में पूरे देश में और हर समाज की समस्या है। इस समस्या को जड़ से निपटाने और संस्कृति संस्कार को बचाने के लिए जीवनसाथी चयन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जीवनसाथी चयन का प्रश्न हर परिवार युवक युवती के सामने हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों के गुना का अवकलन करके ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित हो हर परिवार अपने बच्चों का एक मार्कशीट बनाएं और ऐसे आयोजन में उसे प्रस्तुत करें क्योंकि यह 14 संस्कारों में महत्वपूर्ण संस्कार है। इसको देखने का दृष्टिकोण संस्कारिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवाह जिंदगी की गाड़ी है कोई कांटेक्ट नहीं। सुंदरता देखकर संबंध न करें बल्कि हर एंगल से जांच के बाद संबंध तय करें सोच सकारात्मक हो। कार्यक्रम को अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति विजय राठी महिला महामंत्री ज्योति राठी प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मूंदड़ा ने भी संबोधित किया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता | धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के मंडल के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल से रिलायंस एवं फ्लोरेंस नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड नाटक के जरिए तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और बीमारियों से होने वाली मौत के बारे में बताया गयाए साथ ही जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई। इसके अलावा नशे के व्यापक रूप सेवन को देखते हुए शहर में कोटपा एक्ट का पालन करने के लिए चालानी कार्यवाही भी की जा रही हैं।

# भीषण गर्मी के चलते जोंक नदी का बहाव पानी व धार अब टोटक रहे

पायनियर संवाददाता | महासमुंद
www.dailypioneer.com



भीषण गर्मी के चलते जोंक नदी का बहाव पानी व धार अब टोटक रहे है। भीषण गर्मी की वजह से तालाब डबरी का जल स्तर लगातार घट रहे है। उल्लेखनीय यह है कि उडीसा के किसानो को रबी धान फसल के लिए पतोरा बांध से पानी दिया गया था। इस कारण जोंक नदी मे पानी का बहाव बना रहा। फसल का कटाई होने के बाद अब जोंकनदी मे धार टोटक गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा पर बसे इस गांव के लोगो को जोंकनदी से इसका लाभ जरूर उठाते है। जैसे नदी पर 15 से 20 फीट केसिंग डाल कर संबसिबल मोटर पंप के माध्यम से धान व सब्जी फसल लगाकर सिंचाई करते है, और तो और नर्रा राटापाली बनियातोरा एवं परकोम इत्यादि के ग्रामीण इस नदी से निस्तारी भी होता है, जहां तक मवेशी भी इस नदी से प्यास बुझाते है। नदी की धार टोटकने व सुखने से निस्तारी जैसे समस्या आना स्वभाविक है। नदी सुख जाने से इसका असर सीधा बोर वेल्स और कुंऐ को पड़ता। जहां तक दस साल पूर्व इसी नदी से लोग झेरिया खोद कर ग्रामीण प्यास भुझाया करते थे। अब शासन ने करोड़ो रूपए की लागत से गांव गांव मे पाइप लाइन बिछाकर पानी टंकी निर्माण कर नल जल योजना के माध्यम से घरो तक पानी पहुँचाया जा रहा है। धरातल मे देखा जाय तो ग्रामीण अंचल के गांवो जैसे ग्राम पंचायत नर्रा मे करोड़ो रूपये की लागत से जल जीवन मिंशन के तहत पाइप लाइन विस्तार एवं पानी टंकी निर्माण तो किया गया है। परंतु दो साल बीत जाने के बाद भी पानी की सप्लाई शुरू ही नही हो सका है। लगभग तीस साल पूर्व मे बने पानी टंकी से की जाती है। वार्डो मे सपलाई भीषण गर्मी के चलते अधिकांश घरो के नलो मे पर्याप्त पानी भी नही मिल रहे है। आज भी ग्राम पंचायत नर्रा के सबसे बड़ा 1 नं वार्ड रावण भाठा मे लगभग 250 से 300 ग्रामीण निवासरत है। नल का पानी पीने के लिए सालों से तरस रहे है। हेंड पंप के भरोसे मे वार्ड जहां तक पेयजल के साथ साथ निस्तारी कि समस्या बने हुए है। लेकिन धरातल पर देखा जाय तो कही न कही गली को खोद कर पाइप लाइन का विस्तार तो कर दिया गया है। लेकिन ग्रामीण हेंडपंप के ही भरोसे मे चल रही है। इसी तरह अंतिम छोर ग्राम पंचायत खट्टी मे भी करोड़ों रुपये की लागत से दस साल पूर्व मे पानी टंकी का निर्माण तो कराया गया है। परंतु टंकी का उपयोग नही होने से पानी टंकी शो पीस बनकर रह गया है। वहां भी पेयजल समस्या से जूझ रहे है ग्रामीण। उमस भरी भीषण गर्मी नौतपा का अंतिम दिन भी गर्मी ने बढाई लोगो की बैचेनी।

**भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आम नागरिक परेशान : सुनील सिंह**

# छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल, कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा बिजली के दामों में बढ़ोतरी अमानवीय

पायनियर संवाददाता | बलरामपुर
www.dailypioneer.com



बिजली के दामों में बढ़ोतरी जनता के ऊपर अमानवीय अत्याचार है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दामों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दिया है, यह अनुचित है। भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आम नागरिक परेशान हो गया है। विष्णु देव साय सरकार नागरिकों को हर तरफ से परेशान करने की नीयत से काम कर रही है। सरकार ने रजिस्ट्री छूट को समाप्त किया, ईवे बिल को समाप्त किया, अब बिजली बिल के दाम में बढ़ोतरी कर दिया गया। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 20 पैसे के साथ-साथ उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगी तो उनके उत्पादों का महंगा होना स्वाभाविक है। ऐसे में आम आदमी पर दोहरी मार पड़ेगी। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों और आम आदमी की जरूरतों से कुछ लेना देना नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रबि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में पांच माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, बढ़ती गर्मी और बिजली की कटौती से आए दिन बिजली विभाग के दफ्तरों पर शिकायतों का अंबार है आम जनता मारामारी पर उतारू है और कई जगह तो आम जन सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सुनील सिंह ने आगे कहा कहा कि साय सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति खराब होते जा रही है। पांच माह में सरकार ने बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया, गोबर खरीदी बंद कर दिया, गोठान बंद कर दिया, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त नहीं दिया, इसके बावजूद सरकार को 16000 करोड़ का कर्ज लेना पड़ा। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार द्वारा आम जनता को दी जा रही रियायतें भी सरकार ने बंद कर दिया।

## विशेष लोक अदालत आयोजित होना प्रस्तावित

**बेमेतरा ।** उच्चतम न्यायालय के ई-मेल पत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के सदस्य सचिव द्वारा विडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम के उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत आयोजित होना प्रस्तावित है। अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेमेतरा के मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत का सभी स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव मोहम्मद जहाँगीर तिगाला न्यायाधीश वर्ग-1 द्वारा जानकारी दी गई कि ऐसे मामले जो उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है, जिन्हे विशेष लोक अदालत हेतु चिन्हांकित किया गया है उसका निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिले से संबंधित प्रकरणों के अनुसार पक्षकारों का नोटिस जारी/तामिली कर संबंधित पक्षकारों की प्री-सिटिंग कर प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत कराये जाने के संबंध में सूची तैयार की गई हैं ।

# रामपुर के मनरेगा मजदूरों ने रेली निकालकर बताया पानी का महत्व

## बारिश के जल को संचित कर आने वाले कल को सुरक्षित करने की ली शपथ




पायनियर संवाददाता | धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले की जीवनदायिनी महानदी का पानी लगातार सूखते जा रहा है। साथ भू जल स्तर भी तेजी से घटते जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। इसी चिंता की वजह से कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर जिले में आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को जरुरत के हिसाब से कम से कम पानी का उपयोग करने, वर्षा जल संचयन कराने के लिए रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे प्रेरित होकर आज कुरूद विकासखंड के ग्राम रामपुर के मनरेगा मजदूरों ने रैली निकालकर लोगों को एक एक पानी की बूंद का महत्व बताया। इसके साथ ही आने वाले बारिश के मौसम में पौधे लगाने, किसी भी नल से पानी अनावश्यक नहीं बहने देने, सभी को पानी बचाने के लिए जागरुक करने की शपथ ली। इसी तरह ग्राम भूसरेंगा में भी मनरेगा मजदूरों ने पानी बचाने की शपथ ली।



# हाउस ऑफ लाइज से बॉलीवुड में वापसी को तैयार स्माइली सूरी

**फिल्म कलयुग से लोगों के बीच खास पहचान बनाने वाली स्माइली सूरी जल्द ही फिल्म हाउस ऑफ लाइज में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में संजय कपूर ने भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने शूटिंग के समय के अपने अनुभव साझा किए हैं।**

स्माइली सूरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2005 में आई फिल्म कलयुग से की थी। अपने भाई मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके किरदार को काफी सराहा गया था। इसके बाद वे तीसरी आंख द हिडन कैमरा, ये मेरा इंडिया और क्रूक जैसी फिल्मों में नजर आईं। फिल्मों के बाद उन्होंने छोटे पर्दे का भी रुख किया। वे जोधा अकबर और साल 2015 में नच बलिए शो में भी दिखीं। अभिनेत्री अब लंबे समय बाद ओटीटी से अभिनय की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं।

### 15-20 दिन में हुई शूटिंग पूरी

वे जल्द ही हाउस ऑफ लाइज नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। फिल्म पर बात करते हुए स्माइली ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने अलीबाग में की 15-20 दिन में ही पूरी कर ली थी। अभिनेत्री ने कहा कि शूटिंग के दौरान संजय कपूर और ऋतुराज सिंह से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।

### स्माइली ने की ओटीटी की तारीफ

अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म की टीम में ज्यादातर लोग नौजवान थे, जिनके साथ काम करके उन्हें काफी मजा आया। अभिनेत्री ने आगे ओटीटी की तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा समय में बहुत सी चीजें बदल चुकी हैं। जो मुद्दे पहले नहीं उठाए जा सकते थे, वे हम ओटीटी के माध्यम से उठा सकते हैं।

### ऐसी है फिल्म की कहानी

स्माइली ने फिल्म के कहानी को लेकर कहा कि यह एक रात की कहानी है, जिसमें पुलिस अलबर्ट (ऋतुराज) नाम के शख्स के हत्यारे का पता लगाने के लिए उस घर में मौजूद सभी लोगों से पूछताछ करती है। फिल्म में संजय कपूर इस हत्या के पीछे के रहस्य को सुलझाते हुए नजर आएंगे। वहीं, स्माइली अल्बर्ट की दूसरी पत्नी के रूप में दिखेंगी।



# मैं अपनी आत्मा से अमीर होना चाहती हूं



बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में जी-जान से जुटी हुई हैं। इस फिल्म में अभिनेता राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने मिस्टर एंड मिसेज माही के अलावा अपनी जिंदगी के बारे में भी खुलकर बातें करती नजर आई।

जान्हवी कपूर बॉलीवुड की दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और निर्माता बोनी कपूर की लाडली बेटी हैं। अपनी जिंदगी के बारे में बात करते हुए जान्हवी कहती हैं, मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे इतनी आरमदायक जिंदगी मिली है। मेरे माता-पिता ने मुझे हर लग्जरी देने की कोशिश की है, लेकिन अब मैं अपने अस्तित्व को खुद से तलाशना चाहती हूं।

जान्हवी कपूर आगे कहती हैं, मैं अपनी आत्मा से अमीर होना चाहती हूं। मुझे खोखले अस्तित्व से परेशानी होती है। मुझे पूरी जिंदगी मॉम-डैड ने दुनिया की हर तकलीफ से बचा कर रखा, लेकिन अब मैं जिंदगी की सच्चाई को जानना और समझना चाहती हूं।

अपनी लग्जरी लाइफ के बारे में बात करते हुए जान्हवी कहती हैं, मॉम हमेशा कहती थीं कि उन्होंने काफी मेहनत किया है और वे हर सुख-सुविधा हम दोनों बहनों को देना चाहती थीं। इसमें कुछ गलत नहीं है, लेकिन अब मैं जिंदगी को अनुभव करना चाहती हूं। मैं अपने अनुभवों से खुद को समृद्ध करना चाहती हूं।

जान्हवी कपूर अपनी बातों को जारी रखते हुए कहती हैं, मैं अब ऐसी फिल्में करना चाहती हूं जो मेरे कंफर्ट जॉन से बाहर की हों। मैं चैलेंजिग किरदारों के लिए खुद को तैयार कर रही हूं। मुझे बहुत अजीब लगता है जब लोग अपनी जिंदगी को लेकर जिज्ञासा नहीं रखते हैं या वे कुछ नया नहीं सीखने कोशिश करते हैं।



# कर्मा कॉलिंग के लिए रवीना को मिला इंटरनेशनल आइकॉनिक अवार्ड

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। आज भी उनकी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लोग दीवाने हैं।

रवीना टंडन ने कर्मा कॉलिंग से इंडस्ट्री में अपना कमबैक किया है। अभिनेत्री को अब कर्मा कॉलिंग के लिए इंटरनेशनल आइकॉनिक अवार्ड मिला है। उन्होंने तस्वीर साझा कर अवार्ड के लिए पूरी टीम का धन्यवाद किया है। रवीना ने लिखा, आपके प्यार और समर्थन के लिए कर्मा कॉलिंग की टीम और क्रू को धन्यवाद।



# एक्ट्रेस होने से थोड़ा टफ है बिजनेसवुमन होना

**सोनाक्षी सिन्हा की गिनती बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। उन्होंने हाल ही में संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर खूब सुर्खियों बटोरी। उन्होंने फरीदन का बेहतरीन रोल प्ले किया, जिसके लिए उन्हें दर्शकों से खूब सराहना मिली। सोनाक्षी एक्ट्रेस के साथ-साथ एक बिजनेसवुमन भी हैं। वह आर्टिफिशियल नेल ब्रांड सोएजी की मालकिन हैं। एक्सक्लूसिव बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि बिजनेसवुमन होना एक्ट्रेस होने से थोड़ा टफ है।**

एक्ट्रेस या बिजनेसवुमन में से क्या ज्यादा मुश्किल क्या है, इस सवाल का जवाब देते हुए सोनाक्षी ने कहा, मुझे लगता है कि एक्टिंग मेरे खून में बसा है। मैंने हमेशा सब कुछ चलते-फिरते सीखा है। लेकिन मुझे कभी भी कुछ भी करने में अनकंफर्टेबल महसूस नहीं हुआ। एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर, यह बहुत ही नया है। मैं बिजनेस में शुरू से सब कुछ सीख रही हूं, जितना हो सके उतना इसमें शामिल हो रही हूं। यह मेरे लिए कुछ हटके है। मुझे यह वाकई पसंद आ रहा है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक्टिंग से थोड़ा टफ है, क्योंकि इससे मैं पहले कभी नहीं जुड़ी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं बिजनेस में बहुत सी चीजें सीख रही हूं और मुझे लगता है कि मैं इसमें काफी अच्छा कर रही हूं। पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें तो सोनाक्षी को म्यूजिक सुनना बहुत पसंद है। उन्होंने बताया कि उनकी प्लेलिस्ट में कई तरह के सॉन्ग हैं।

सोनाक्षी ने कहा, मुझे म्यूजिक सुनना बेहद पसंद है। आप हिंदी फिल्मी गानों से लेकर पंजाबी म्यूजिक और हाउस म्यूजिक तक कुछ भी पा सकते हैं। मुझे पर्कशन बहुत पसंद है। मुझे सिर्फ बीट्स वाले इंस्ट्रुमेंटल सॉन्ग पसंद हैं। हालांकि, पंजाबी म्यूजिक उनकी प्लेलिस्ट में सबसे ज्यादा है। एक्ट्रेस ने कहा, यह कुछ ऐसा है जो आपको मेरी प्लेलिस्ट में मिलेगा। यह बहुत ही रैंडम लिस्ट है, लेकिन मैं बहुत सारा पंजाबी म्यूजिक सुनती हूं।

# एनिमल ने तृप्ति के करियर में लगाए चार चांद, इन आगामी फिल्मों से मचाएंगी धमाल

**साल 2023 के आखिरी महीने में रिलीज हुई फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म में कुछ मिनटों का रोल निभाकर तृप्ति डिमरी ने सनसनी मचा दी थी। फिल्म में उनका निभाया गया भाभी 2 का किरदार लोगों को खूब पसंद आया था। इसके बाद वे नेशनल क्रश बन गईं और उनकी लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला।**

यह कहना गलत नहीं होगा कि एनिमल की सफलता का सबसे अधिक फायदा तृप्ति के ही करियर को पहुंचा है। मौजूदा समय में वे एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट में काम कर रही हैं।

### धड़क 2

हाल ही में धर्मा प्रोडक्शन ने फिल्म धड़क 2 का एलान किया है। फिल्म का छोटा सा प्रोमो जारी करते हुए निर्माताओं ने यह जानकारी दी थी कि इसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल कर रही हैं। यह फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

### बैड न्यूज

गुड न्यूज के बाद धर्मा प्रोडक्शन जल्द ही बैड न्यूज लेकर आने वाली है। फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें विक्की कौशल और एमी विर्क मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, तृप्ति फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के रूप में काम किया है। यह फिल्म 19 जुलाई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी।

### भूल भुलैया 3

अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। फिल्म में कार्तिक आर्यन एक बार फिर से रूह बाबा बनकर लोगों को हंसाते नजर आने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म में तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी। कुछ ही समय पहले फिल्म के एक पोस्टर में वे नजर आई थीं।

### एनिमल पार्क

एनिमल के बाद एनिमल पार्क का भी एलान हो चुका है। संदीप रेड्डी वंगा के निर्देशन में बनने जा रही है इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में तृप्ति भी अहम भूमिका में दिखेंगी। फिलहाल यह फिल्म अभी प्री प्रोडक्शन के चरण में है।



# हम जमीन से जुड़े हीरो खो चुके हैं, रियल और मेनस्ट्रीम दोनों सिनेमा बनाने हैं

**रियलिस्टिक अप्रोच की वेब सीरीज एस्पिरेंट्स और पहली फिल्म एक बंदा काफी है के लिए खूब सराहना बटोरने वाले निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की अब उनसे बिल्कुल अलग कमर्शियल मसाला फिल्म भैया जी लेकर आए हैं। यह फिल्म 24 मई को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में मनोज बाजपेयी लीड रोल में हैं।**

**आप नैनीताल में पले-बढ़े हैं। अमूमन नॉर्थ के लड़के हीरो बनने का ख्वाब देखते हैं, आपने डायरेक्टर बनने का कैसे सोचा?**

पता नहीं, मुझे बचपन से ही कैमरे का साथ पसंद था। मेरे पापा फॉरेस्ट विभाग में नौकरी करते थे। वो जिम कार्बेट पार्क में काफी साल रहे। तब उनका एक कैमरा था, जिससे मैं जानवरों की फोटो खींचकर एडिट करके लगा देता था। तब से शौक था, जब 12वीं के बाद पापा ने पूछा कि आगे क्या करना है तो मैंने कहा कि फिल्म बनानी है। तब पापा ने कहा कि फिर लगो इसके पीछे, पापा खुद फिल्मों के शौकीन थे तो बहुत सपोर्ट किया, लेकिन ऐसा नहीं है कि चुनौतियां नहीं रहीं। हम सामान्य मिडिल क्लास परिवार से हैं तो संसाधन बहुत सीमित होते हैं। पहली फिल्म डायरेक्ट करने में 14 साल लगे। मुंबई में बड़ा संघर्ष किया लेकिन मैं वो सब नहीं सोचता क्योंकि इसी जर्नी ने मुझे बनाया। जैसे 2009 से 2014 तक मुंबई भी छोड़ दिया था क्योंकि मेरी तबीयत ठीक नहीं थी और पैसा आ नहीं रहा था। तब यूपीएससी की तैयारी करने राजेंद्रनगर, दिल्ली चला गया था, पर उसी का लब्बोलुआब एस्पिरेंट्स में दिखा। तब नहीं पता था कि वह तैयारी मेरी जिंदगी बदलने वाली है।

**आपकी पहली फिल्म एक बंदा काफी है की रियलिस्टिक अप्रोच को खूब सराहा गया था, तो उस तरह के सिनेमा के बजाय भैया जी जैसी कमर्शियल मसाला फिल्म बनाने का क्यों सूझा?**

मैं हमेशा से इस तरह की फिल्म करना चाहता था। हर इंसान इंडस्ट्री में किसी न किसी उद्देश्य से आता है। कोई हार्ड हिटिंग सिनेमा कहने आता है। मैं हमेशा से मेनस्ट्रीम सिनेमा बनाना चाहता था। बड़े पर्दे पर हीरो की एंट्री देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। लोग जब सिनेमाघर में सीटी मारते हैं, कपड़े उछालते हैं तो उसकी बात ही अलग होती है। मैं भी एक ऐसी फिल्म बनाना चाहता था और मनोज सर (मनोज बाजपेयी) को हम बचपन से देखते आ रहे हैं। मैं हैरान होता था कि आज तक उनको ऐसी फिल्म में क्यों नहीं देखा, जबकि यह उनकी सौंवी फिल्म है तो मैंने कहा कि सर, ये आप ही को करना है। मैं बोर हो चुका हूं बाकी लोगों को स्लो मोशन में देख-देखकर और आप जब करोगे तो आप एकदम नए लगेंगे। मनोज सर के पास कहानी थी, वह इसे आर्ट सिनेमा बनाना चाहते थे लेकिन मैंने कहा कि सर, ये मत करो। मैं इसे अपने ढंग से करता हूं और इस तरह फिल्म की शुरुआत हुई।

**भैया जी पर साउथ इंडियन सिनेमा की भी छाप है। वैसे, आजकल थिएटर्स में साउथ की फिल्में ही चल रही हैं। क्या भैया जी को उस स्टाइल में बनाने की यही वजह रही?**

मैं साउथ इंडियन फिल्मों का बड़ा फैन रहा हूं। बचपन में जब वो टीवी पर डब होकर आती थीं तो मैं खूब देखता था। मैं एकदम खरी कमर्शियल फिल्म बनाना चाहता था, जिसमें गहराई और परफॉर्मेंस में कोई कमी नहीं हो। मैंने एस्पिरेंट या एक बंदा काफी है बनाई, इसका मतलब ये नहीं है कि मैं सिर्फ वैसी ही फिल्में बनाऊंगा। मैं वो भी करूंगा, ये भी करूंगा। मुझे सेफ नहीं खेलना, वरना मैं खुद ही बोर हो जाऊंगा। रही बात, साउथ की फिल्मों ज्यादा चलने की तो समय समय की बात है। ट्रेंड बदलता रहता है। कोरोना के बाद चीजें बदली हैं। ये भी सच है कि हमारे यहां रिलेटबल हीरो मिसिंग हो गए हैं। जमीन से जुड़े हीरो हम खो चुके हैं। अमित जी (अमिताभ बच्चन) की फिल्में हमें इसीलिए पंसद आती थीं क्योंकि वो हमसे जुड़ी हुई थीं। सिंघम, पुष्पा और केजीएफ चलने की भी यह बहुत बड़ी वजह है। आपने दोनों फिल्में मनोज बाजपेयी के साथ कीं।

**किसी और एक्टर को डायरेक्ट करने की तमन्ना है?**

मैं बचपन में अजय देवगन का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। वह कमर्शियल स्टार हैं। वह सिंघम हैं मगर जख्म या द लेजेंड ऑफ भगत सिंह जैसा हार्ड हिटिंग सिनेमा भी कमाल करते हैं तो मैं उनका बहुत ज्यादा बड़ा फैन था। एक टाइम था जब उनकी फिल्मों के टिकट मैं डायरी में लगाता था कि आज उनकी ये फिल्म देख ली।

# काउंटिंग ऑब्ज़र्बर ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा, दिये आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जिले की मतगणना की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने हेतु काउंटिंग ऑब्ज़र्बर ने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्रों पर पहुंचे ऑब्ज़र्बर एसबी शेट्टीनावर (आईएएस) ने संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त उपाय अपनाने की बात कही। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र -07 दुर्ग अन्तर्गत बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68- साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए मतगणना 4 जून 2024 को ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। ऑब्ज़र्बर शेट्टीनावर ने अधिकारियों से बातचीत के दौरान मतगणना की प्रत्येक प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों की सही जांच की जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। गर्मी को देखते हुए उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, इंटरनेट, मेडिकल टीम, की पूरी तैयारी रहें। शार्ट सर्किट ना हो यह ध्यान रखा जाये। उन्होंने इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों की संख्या, मीडिया और राजनीतिक दलों के एजेंट की बैठक व्यवस्था आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने पूरी तैयारियों की जानकारी से अवगत कराया। मतगणना परिसर में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप त्रि-स्तरीय सुरक्षा की गयी है। कलेक्टर शर्मा ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुये मतगणना परिसर में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों के साथ समुचित चिकित्सा व्यवस्था मय एम्बुलेंस सुनिश्चित करने के निर्देश ज़िला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिये है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस दौरान प्रत्येक विधानसभा में मतगणना कार्य के लिए लगाये गये सभी अधिकारी / कर्मचारियों को ठंडा पेयजल, नींबू पानी तथा ओरआरएस की व्यवस्था भी की गयी है। शेट्टीनावर केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को मतगणना के दौरान उच्चतम स्तर की सतर्कता और निष्पक्षता बनाए रखने की सलाह दी। ऑब्ज़र्बर ने यह भी कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान मीडिया और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को हर संभव सहयोग दिया जाए ताकि प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे।

# प्रभारी जिला अंकेक्षण को सेवानिवृत्ति होने पर जिला पंचायत परिवार ने दी विदाई

## मधुसूदन सोनी प्रभारी जिला अंकेक्षण हुए सेवानिवृत्त

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत कबीरधाम में पदस्थ प्रभारी जिला आकेक्षण एवं सहायक आंतरिक लेखा प्रशिक्षण एवं करारोपण अधिकारी मधुसूदन सोनी को सेवानिवृत होने पर जिला पंचायत परिवार की ओर से विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने शाल एवं श्रीफल देकर मधुसूदन सोनी को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए सीईओ जिला पंचायत में कहा कि मधुसूदन सोनी द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। शासन के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में इनके द्वारा बेहतर कार्य करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उप संचालक पंचायत राज तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि मधुसूदन सोनी का शासकीय कार्यकाल 37 वर्षों से अधिक का रहा है तथा इस दौरान इन्होंने अपने सभी कर्तव्यों का निर्वाहन निष्ठा पूर्वक किया। इन्होंने 1987 में बस्तर के बस्तरनार से शासकीय सेवा का सफर शुरू करते हुए जिला कबीरधाम तक पूरा किया। मधुसूदन सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। साथ ही इन्होंने अपने सभी सहकर्मियों को संदेश दिया कि अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन इसी तरह करते रहे और कबीरधाम जिले को सभी योजनाओं में प्रदेश में प्रथम स्थान में बनाये रखे। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिला पंचायत के लेखाधिकारी सहायक परियोजना अधिकारी पीयूष ठाकुर शिव साहू विनीत दास बृजेश दुबे सहित जिले के अन्य आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मान समारोह में जिला पंचायत कबीरधाम अंतर्गत कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जनपद पंचायतो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसडीओपी ने सिटी कोतवाली में पेट्रोल एसोसियेशन पदाधिकारियों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन मेंपुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा (एसडीओपी) मनोज तिर्की के द्वारा वर्तमान में घटित विभिन्न घटनाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये 01.06.2024 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा परिसर में बेमेतरा के पेट्रोल पंप एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक ली गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा (एसडीओपी) मनोज तिर्की ने बैठक लेकर पेट्रोल पंप एसोसियेशन के सभी पदाधिकारियों को पेट्रोल पंप में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाने और सडक को कव्हर करने और फायर सिस्टम को अद्यतन करने, फायर सिस्टम के अलावा बालटी में बालु भरकर रखने एवं पेट्रोल पंप पर आने वाले आम नागरिको के लिए पीने के लिए पानी व अन्य मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने की बात को लेकर चर्चा की गई। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी ने कहा कि सामान्यतः देखा जाता है कि पेट्रोल पंप के बाहर रोड किनारे वाहनो को पार्किंग कर देते है जिससे सडक दुर्घटना होने की संभावना होती है ऐसे वाहनों को सडक पर पार्किंग करने न दे। सभी पेट्रोल पंप में पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9479192013 प्रदर्शित करें ताकि किसी प्रकार कि घटना घटित होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव ने कहा कि पंट्रोल पंप में प्रतिबंधित कार्य जैसे सिगरेट न पिएं, मोबाईल पर बात करना मना है, पेट्रोल भराते समय इंजन बंद रखना, ऐसे निर्देश की सुची पेट्रोल पंप में लगायें। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने एवं पुलिस का यथा संभव सहयोग करने एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त बातो पर पेट्रोल पंप एसोसियेशन के पदाधिकारियों के द्वारा अपनी सहमती व्यक्त किया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप एसोसियेशन के पदाधिकारी अखिलेश शर्मा, टिकेन्द्र वर्मा, अंश सुराना व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# ईवीएम मतों की गणना के लिए दोनों विधानसभा के लिए 21-21 टेबलों की व्यवस्था



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों से प्रेसवार्ता लेकर तैयारियों लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और 72 कवर्धा के मतगणना के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि मतों की गणना 04 जून को प्रातः 8 बजे से कृषि उपजमंडी समिति बिलासपुर रोड़ कवर्धा में शुरू होगा। इसके पहले प्रातः 7 बजे उनकी उपस्थिति में ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गुलाब डड़सेना उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया एवं 72-कवर्धा के मतों की गणना कृषि उपज मण्डी, बिलासपुर रोड, कवर्धा में 04 जून मंगलवार को होगी। ईवीएम मतों की गणना के लिए दोनों विधानसभा के लिए 21-21 टेबलों की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक 07 टेबल के लिए अलग से अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रहेंगें। प्रत्येक विधानसभा के लिए 21 टेबल में रिजर्व कर्मचारी सहित 29-29 मतगणना पर्यवेक्षक, 29-29 गणना सहायक एवं 27-27 माईक्रो ऑब्जर्वर रखे गए है। ईवीएम परिवहन अधिकारी 02-02 राजस्व निरीक्षक एवं 26-26 सहायक (रनर) के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया में 19 राउण्ड, 72-कवर्धा में 20 राउण्ड, में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जाएगी। कृषि उपज मण्डी स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम को मतगणना ऑब्जर्वर एवं अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं की उपस्थिति में प्रातः 7.00 बजे रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा खोला जाएगा। सम्पूर्ण कार्य की वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी के निगरानी में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि डाक मतपत्र की गणना संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र के मुख्यालय राजनांदगांव में होगी। डाक मतपत्र की गणना के लिए 4 टेबल लगाए जाएंगे। 27 मई तक 1585 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके है।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन की मतगणना पूरी पारदर्शिता के साथ होगी, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। तैयारियां अंतिम चरणों में है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत कबीरधाम जिले में निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारियों के संबंध में कृषि उपज मंडी परिसर अंतर्गत मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया और आवश्यक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधानसभा-71 पंडरिया, 72-कवर्धा के मतगणना हॉल, मतगणना स्थल पर बनाएं जा रहे निर्वाचन कार्यालय, आब्जर्वर एवं जिला निर्वाचन कक्ष, मीडिया सेंटर और सीसीटीवी निगरानी कक्ष सहित सभी स्थलों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने ऑब्जर्वर कक्ष सहित जिला निर्वाचन अधिकारी और मीडिया सेंटर में इंटरनेट व्यवस्था सहित आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी संदीप ठाकुर, अनुपम टोप्पो, सहसपुर लोहारा एसडीएम सुआकांक्षा नायक सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोबे ने विधानसभावार मतगणना हॉल पर आधार भू-संरचना, प्रस्ताव के आधार पर 21 टेबल की तैयारी, मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

# नौतपा में जहां 45 डिग्री पार पहुंचा पारा वत्सला नन्हे कदमों को दे रही राहत



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वत्सला संस्था ने 3 मई को भीषण गर्मी से 03 से 13 आयु के बच्चो के पैरों की ठंडक के लिए जो नन्हे कदम अभियान का आगाज किया था, इस चिलचिलाती गर्मी में भी अनवरत इनकी सेवाएं, मंडी, चौराहा, रास्ते, बाजार हर जगह दिल्ली जा रही है, इसी सेवा की कड़ी में वत्सला भिलाई इकाई से स्वीटी तनेजा (अध्यक्ष), कविता गोयल, नीलम साहू, मंजू केडिया, मधु अग्रवाल, रूबी अग्रवाल ने नन्हे कदम रथ की सेवा शुरू कर जहां भिलाई जिले भर में रथ रास्तों पर निकल कर जरूरतमंद बच्चो को चप्पल पहना रहे है, वहीं थान खमरिया टीम से रीना सिंघानिया(अध्यक्ष), डॉ कल्पना अग्रवाल, नीका सिंघानिया, अकीशा बंसल, रश्मि, अग्रवाल मंदिरों, सड़कों पर नंगे पांव घूम रहे बच्चो को स्वयं दे रहे है। नन्हे कदमों की सेवा, इसी तरहा राज्य व्यापी सभी टीम अपने अपने कार्य क्षेत्र में बखूबी पूर्ण समर्पण भाव से सेवा दे रही है। परिणाम स्वरुप समाज के हर वर्ग इस आभियान में अपनी सहभागिता दे रहे है, साथ ही इस सेवा कार्य की प्रसंशा भी कर रहे है।

# रेल्वे अस्पताल वार्ड क्रमांक 26 में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए किया गया शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



रेल्वे अस्पताल वार्ड क्रमांक 26 में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद टी. ज्योति ने वार्डवासीयों को आयुष्मान कार्ड के उपयोगिता के विषय में जानकारी दी, भारत सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होने से शासन के द्वारा गंभीर चिन्हांकित बीमारी का इलाज चिन्हांकित अस्पताल में एपीएल परिवार का पचास हजार तक एवं बीपीएल परिवार का पांच लाख तक इस कार्ड से इलाज होता है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने नगरवासियों से निवेदन किया है कि जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मचारी एवं मितानीन से सम्पर्क करके आयुष्मान कार्ड कार्ड बनवा लेना एवं शासन की योजना का लाभ लें। शिविर में संजय यादव, ललित जोशी, मितानीन ललिता साहू, भारती भगत ने सेवाएं प्रदान किया। 1 जून को आयोजित शिविर में 27 आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# जून को कांग्रेस का जनता को टाटा बाय-बाय खटा-खट : डॉ सौरभ निर्वाणी

## कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस को परिवार नही समझा परिवार को कांग्रेस से सींचते रहे

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



देश मे 7 वे चरण के चुनाव सम्पन्न होने के बाद ,एग्जिट पोल के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि देश मे तो भाजपा फिर से सरकार बना ही रही है पर एग्जिट पोल के नतीजों की माने तो राज्य में एक मात्र सीट को बचाने में भी कांग्रेस असफल रही यहां 11 की 11 सीटें भाजपा के जीत पर क्लीन स्वीप की स्थिति है,और यह परिणाम आश्चर्य जनक नही हैं,दरसल पिछले 5 सालों में कांग्रेस के शिर्ष नेताओ ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को परिवार न मान अपने परिवार को ही कांग्रेस से सींचते और पोषित करते रहे हैं,कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता मेहनत तो करते हैं पर नेतृत्व में बैठे लोगों की अनदेखी उनके मनोबल को तोड़ देती हैं,और जिसका परिणाम 4 जून को देश के सामने आ जायेगा, खटाखट बयान वाले नेता अब फटाफट विदेश में छुटियाँ बिताने निकल जाएंगे, राहुल गांधी को कांग्रेस को बचाने के लिए कुछ वर्षों का ब्रेक लेना चाहिए और आम जमीनी कार्यकर्ताओ को पार्टी को सौप देना चाहिए साथ ही साथ प्रदेश के भी बुजुर्ग नेतृत्व व नेताओ को भी संगठन में ढीठता से बने रहने के बजाय सम्मान जनक टाटा बाय बाय पार्टी को कर देना चाहिए ताकि ऊर्जावान सक्रिय कार्यकर्ताओ को पार्टी को खड़ा करने का अवसर मिल सके, अगर कांग्रेस 1 सीट भी लाने में कामयाब नही हो पाती तो राज्य बनने के बाद यह कांग्रेस की सबसे बड़ी हार प्रदेश में होगी, इससे पहले की कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से इस्तीफा मांगा जाय, खुद नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिये.. भाजपा नेता डॉ सौरभ निर्वाणी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का अगला चिंतन शिविर इस बार अब क्या केरल में होगा।

# हिंदुस्तान स्टील एंप्लॉयज यूनियन का 54 वां वर्षगांठ धूमधाम से बनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






हिंदुस्तान स्टील एंप्लॉयज यूनियन (सीटू) का 54 वां वर्षगांठ 30 मई 2024 को बड़े धूमधाम से बनाया गया। प्रातः 7:00 बजे यूनियन कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया तथा संध्या 6:00 बजे आम सभा सम्पन्न हुआ। जिसमें संगठन सचिव कामरेड सुजीत मुखर्जी ने सीटू के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सीटू एक सैद्धांतिक कर्मठ और मजदूर हितैषी संगठन है। जिसका मुख्य उद्देश्य मजदूरों के लिए हक और अधिकार की लड़ाई लड़ना तथा पूर्णतः उनका अधिकार दिलाना है। सीटू के जन्म की कहानी भी बड़ी रोचक है आजादी के पूर्व देश में एक ही संगठन हुआ करता था और उनका मकसद भी एक ही था अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ना और भारत देश को आजाद कराना। जब देश आजाद हुआ तब संगठन को बनाने का मूल उद्देश्य खत्म हो गया। उसके बाद कुछ संगठनों में अलगाव हुआ मजदूर वर्ग का उस समय एक ही संगठन बचा था वह था एटक। पूरे देश में एक ही ट्रेड यूनियन होती थी। अब एटक से अलग होकर सीटू बनाने की जरूरत क्यों पड़ी यह भी एक विचारणीय प्रश्न है? उस समय एटक के वर्ग सहयोग के सिद्धांत से क्षुब्ध मजदूर नेताओं ने एटक में लंबे समय तक संघर्ष करने के बाद अंततः 30 मई 1970 को सीटू के गठन की घोषणा कर दी। उन्हें लगा कि एटक संगठन अपने मूल उद्देश्य से भटक रहा है। जिससे लोगों के बीच असंतोष उत्पन्न हुआ और 28 से 31 मई 1970 को कोलकाता में नया ट्रेड यूनियन का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। कामरेड बी टी रणदिवे के नेतृत्व में 30 मई को भारत में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का जन्म हुआ। जिन्होंने पहले ही एकता और संघर्ष का नारा दिया जिसमें एकता के लिए संघर्ष और संघर्ष के लिए एकता मूल उद्देश्य था। जिन्होंने पूरी ईमानदारी और मजदूर के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी। सीटू का मकसद समझौता नहीं था वह बिना समय गंवाए निरंतर आगे बढ़ाने वाली सोच थी। वे अपना घर परिवार छोड़कर सीटू को खड़ा करने में लग गए तथा बहुत बड़ी कुर्बानी भी दी। सीटू के कामरेडों के विचारों से प्रभावित होकर लोग सीटू से जुड़ते चले गये। सीटू के अध्यक्ष कामरेड पुरुषोत्तम सिमैया ने संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी नहीं है कि आंदोलन से आपको सफलता मिलेगी, लेकिन यदि आप चुप रहोगे तो तो आप पर दमन बढ़ता जाएगा और आप अन्याय के तले दबते जाओगे। सचिव कामरेड प्रकाश सिंह क्षत्रिय ने कहा मजदूर वर्ग में लड़ाई दो तरह की होती है जिसमें है शोषित वर्ग और शोषक वर्ग। विभिन्न सरकारी उपक्रमों में रेग्युलर कर्मचारीयों की संख्या घट रही हैं फिर भी कंपनी को करोड़ों का लाभ हो रहा है। कंपनी मजदूरों के लाभ में कटौती कर रहा है। इतना तो तय है कि मालिकों और सरकार के साथ सहयोग करने से कभी मजदूरों का भला नहीं होता। उसके लिए संघर्ष करना पड़ता है, सीटू पूरे देश में आंदोलन की शुरुआत की तथा पूरे राष्ट्र में विभिन्न संगठन को लेकर हड़ताल की थी। मजदूरों के लिए बने 44 श्रम कानून को खत्म कर 4 श्रम संहिता सरकार बना रहा है। जिससे मालिकों को पूरी तरह से मजदूरों का शोषण करने का अधिकार रहेगा। इस कानून से मजदूर कभी हड़ताल नहीं कर सकते तथा कभी विरोध प्रकट नहीं कर सकते। हर तरफ से मजदूर पर पाबंदी रहेगी पूरे देश में मजदूर आंदोलन से यदि सीटू को निकाल दिया जाए तो आंदोलन शून्य हो जाएगा। कार्यकारिणी अध्यक्ष कामरेड ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि 2013 से पहले हमारे संगठन में ठेका श्रमिक नहीं थे। 500 से ज्यादा ठेका श्रमिक हमारे संगठन के सदस्य हैं। हमारे संघर्ष से बीएमएल की एडब्ल्यूए की लड़ाई जीती। कैंटीन की लड़ाई जीती तथा चित्रकूट हॉस्टल में महिलाओं की भी लड़ाई जीती थी। सबसे प्रमुख रूप से सुरक्षा गार्ड की लड़ाई भी संगठन के माध्यम से जीती गई है। जिसमें उनका वेतन लगभग डबल हो गया है। हमारे प्रयासों से माइंस भत्ता और रात्रि कालीन भत्ता को भी चालू किया है। सीटू हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और जीती है। हमारे नेता और सदस्य सभी एक दूसरे को लेकर हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने में मदद करते हैं। आने वाला समय बहुत ही विकट होने वाला है। मजदूर आंदोलन और ट्रेड यूनियन को खत्म करने के लिए प्रबंधन और सरकार एड़ी चोटी एक कर रहे हैं। जब तक बगावत के रास्ते मजदूर नहीं उतरेंगे तब तक मजदूर अपना अधिकार और हक नहीं पा सकेंगे। राष्ट्रीय लड़ाई में अपने हिस्सेदारी तय करने की मजदूरों को आवश्यकता है। हमेशा याद रखें दूसरों के कंधे पर लड़ाई नहीं जीती जाती। इसलिए अपने संगठन को मजबूत बनाना हमारा पहला कर्तव्य है। आज भी संघर्ष के प्रति उदासीनता के कारण सेल कर्मचारियों का 39 माह का एरियर्स, व डॉसा 3 साल से लंबित है। टाउनशिप में भारी वाहन आ जा रहे हैं मकान के छतों से पानी टपक रहा है रोड की हालत बहुत खराब है। यह सब संघर्ष के प्रति उदासीनता के उदाहरण हैं। सालेम स्टील प्लांट को बिकने से भी हमने ने बचाया है। विशाखापट्टनम स्टील प्लांट को बेचने के लिए सरकार अडी है। जिसे 1200 दिन से भी अधिक समय से मजदूर हड़ताल पर काबिज हैं। सीटू केवल मजदूरों का.संगठन नहीं है बल्कि सामाजिक व आर्थिक समानता हासिल करना भी हमारा लक्ष्य है। जब तक दुनिया में पूंजीवादी खत्म नहीं होती तब तक लड़ाई जारी रखना पड़ सकता है। आमसभा में कामरेड चार्ली वरगिस कामरेड विनोद मिश्रा, सुजीत मंडल, जे गुरु वुलु, इंद्र दमन ठाकुर रामचंद्र यादव, शशिकांत सहित सीटू के सदस्य उपस्थित थे।

## विद्या देवी दुबे का निधन



**थान खमरिया।** पूज्य शंकराचार्य त्रिपुर सुंदरी मंदिर निर्माण सेवालय के व्यवस्थापक सहसपुर लोहारा पण्डित देव दत्त दुबे की माताजी विद्या देवी दुबे का 72 वर्ष की उम्र में कंतेली में निधन हो गया। दुबे सहसपुर लोहारा दुबे परिवार की वधु थीं, उनका जन्म ग्राम कंतेली में मृत्यु कंतेली में एवं अंतिम संस्कार भी कंतेली में संपन्न हुआ, मुखग्नि अंतिम संस्कार छोटे पौत्र शशांक दुबे पण्डित देव दत्त दुबे ने किया। वे अपने पीछे पुत्र, पौत्र, बंधु-बांधव सहीत भरा पुरा परिवार छोड़ कर गई हैं। दुबे का अंतिम संस्कार ग्राम कंतेली जिला मुंगेली में 01 जून शनिवार को कंतेली के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ, जिसमें परिवार सहीत दुबे के चारो भाई उपस्थित रहे। दशगात्र 10 जून को प्रयागराज में एवं तेरहवी सामाजिक भोज 13 जून को कंतेली में संपन्न होगा।

# आदिवासी क्षेत्र के सीने में नगर पंचायत की कील, पांचवी अनुसूची व पेसा कानून का किया जा रहा उलंघन

## आदिवासी बाहुल्य ग्राम कुम्हारी, लोहारी और मरवाही को बिना किसी मांग के जबरन सम्मिलित कर नगर पंचायत मरवाही की घोषणा से ग्रामीणों में रोष

पायनियर संवाददाता ‹ मरवाही
www.dailypioneer.com

यूं तो विधानसभा क्षेत्र मरवाही राजनैतिक रूप से अपना विशेष स्थान रखता है। यहाँ से अजीत जोगी, नंदकुमार साय जैसे दिग्गज नेताओ ने इस आदिवासी बहुल अंचल से अपने राजनैतिक सियासत की प्रतिभा को संवारा और निखारा है। आदिवासी विधानसभा और विकासखंड मरवाही राजनीति के अलावा और भी कई विशेषताओ के चलते अपना एक अलग स्थान रख हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। लेकिन अब कुछ ग्राम पंचायतो को जोड़-तोड़कर नगर पंचायत बनाने की चल रही कवायद ने ग्रामीण क्षेत्र के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है। संविधान की 5 वीं अनुसूची और पेसा एक्ट जैसे हथियार क्षेत्र के विशेष अधिकारो के संरक्षण के लिए इस क्षेत्र को कागजों में भले दिए गए किंतु राजनीति की बर्फीली हवाओं ने इस हथियार को जंग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर जहां आदिवासी और आदिवासी क्षेत्र संस्कृति परंपरा और मूल्यों की रक्षा हेतु समूचा विश्व चिंतन करता है वहीं तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने स्वार्थ की रोटी सेंकने के लिए आदिवासी बाहुल्य ग्राम कुम्हारी, लोहारी और मरवाही को बिना किसी मांग के जबरन सम्मिलित कर नगर पंचायत मरवाही की घोषणा कर दी, और मजे की बात यह है कि इस स्वार्थ की रोटी को पलट कर फुलाने का काम वर्तमान भाजपा सरकार ने यहां सीएमओ की नियुक्ति कर रही सही कसर भी पूरी कर दी, जबकि नियम विरुद्ध बने इस नगर पंचायत के नगर पंचायत बनाने की जांच की प्राथमिक वर्तमान सरकार की होनी चाहिए थी। जाहिर है 5वीं अनुसूची क्षेत्र व पेसा एक्ट प्रभावित क्षेत्र में ग्राम सभा सर्वोच्च होती है किंतु सरकार है भाई संविधान को ही धूल-धूसरित करते बिना ग्राम सभा प्रस्ताव के ही नगरपंचायत का गठन कर दिया गया। पूर्व सरकार ने तो आदिवासी मूल्यों को दरकिनार किया अब वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली भी संदेहास्पद नजर आ रही है आदिवासियों को लेकर आदिवासी विकासखंड की वस्तुस्थिति



प्रदेश के मुखिया तक पहुंचना चाहिए था, जबकि जिले की मुखिया भी एक आदिवासी महिला हैं, किंतु अब तक इन आदिवासी ग्रामीणों की व्यथा शासन तक नहीं पहुंच सकी है।

**ग्रामीणों पर हाउस टैक्स का बोझ, बिजली शहरी क्षेत्र के तहत महंगी, मनरेगा से होने वाले विकास कार्य हो जाएंगे बंद**

ग्राम पंचायत कुम्हारी के आश्रित ग्राम माडाकोट, खलोटिहा टोला के लोग जहां अपनी पारंपरिक विरासत को संजोए तड़के तीन बजे जिनके दिनचर्या की शुरुआत वन व वनोपज को आत्मसात करने से होती है।

जो 4 किलोमीटर पैदल सिर और कंधे में लकड़ी का बोझ ले कर बेचने निकल पड़ते हैं मनरेगा का रोजगार जिनके आय का स्रोत है, इन गरीब वनवासियों पर नगर पंचायत का जोरदार तमाचा जड़ते हुए सत्तासीन नेताओ और मातहत अधिकारियों को तनिक भी झिझक नहीं हुई। ग्राम पंचायत लोहारी के ग्राम नवाटोला टंकीटोला दर्री टोला मरवाही के ग्राम मनवारी टोला गरलैया टोला के आदिवासियों की क्या गलती, जिनसे मनरेगा जैसे रोजगार अब छीन लिया जाएगा। बिजली का दर शहरी क्षेत्र के हिसाब से थोप दिया जाएगा। यहां तक की ग्रामीणों को कृषि उपकरणों के लिए सब्सिडी बंद हो जाएगा राज्य और वित्त आयोग का बजट बंद होने से यहाँ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का विकास अवरुद्ध हो जाएगा।

इन गावों के भोले-भाले लोग वनोपज पर आश्रित हो कर छोटी मोटी मजदूरी करते हुए अपना और परिवार का पेट पालने में व्यस्त थे उन पर नगर पंचायत थोपना कहां तक न्याय संगत था, विचारणीय है कि तीनों गांव के लगभग 6000 मजदूर केंद्र सरकार की वाहवाही करते मनरेगा पर आश्रित हो कर मजे से गैती फावड़ा टोकनी लेकर कार्य स्थल जा कर ग्राम विकास के साथ-साथ अपनी स्थिति सुधारने के लिए मेहनत कर आंखो में मनरेगा की चमक ले कर सुबह की शुरुआत करते हैं एका-एक उनका काम बंद होना क्या मानवीय दृष्टि से न्याय संगत है, विचारणीय विषय है। अब मनरेगा पे आश्रित मजदूर और आदिवासियों का क्या होगा, नगरीय निकाय के नियम कानून और करों के बोझ का सामना हजारों परिवार कैसे करेंगे, निश्चित है इन ग्रामों में पलायन होगा और अपराध भी बढ़ेगा।

### क्या कहते है जनप्रतिनिधि

नगर पंचायत को अस्तित्व में लाने से पहले ना ही हमें किसी प्रकार की जानकारी दी गई और नहीं किसी प्रकार की ग्रामसभा हुई है। यह बिल्कुल गुपचुप तरीके से राजनीतिक स्वार्थ के लिए किया गया है।

**पुष्पराज मसराम**
**सरपंच ग्राम पंचायत लोहारी**

यह पूर्ण तरीके से आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र है, जहां के लोग मनरेगा व अन्य वन वनोपज से अपनी जीविकोपार्जन करते हैं उन पर नगरीय निकाय के नियमानुसार टैक्स थोपा जाएगा। वहीं उन्हें पांचवी अनुसूची व पेसा कानून के अधिकारों से भी वंचित होना पड़ेगा जिसका ग्रामीण व हम विरोध करते हैं।

**प्रियदर्शनी सिंह नहरेल**
**सरपंच ग्राम पंचायत मरवाही**

नगर पंचायत होने से गांव के किसान कृषि अनुदान से वंचित हो जाएंगे, वहीं नगर पंचायत के अस्तित्व में आने से इन गांवों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा शासन गांव का विकास करें, लेकिन अनुसूचित जनजाति क्षेत्र को प्राप्त अधिकारों को संरक्षित करें।

**सहस राम वाकरे**
**सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हारी**

# गिरिराज रेन बसेरा में हुआ लिवर फाइब्रो स्कैन जांच शिविर का आयोजन, 120 लोगों की हुई जांच

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com





अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की शक्ति शाखा द्वारा 2 जून को शक्ति शहर के स्टेशन रोड स्थित होटल गिरिराज जैन बसेरा में संचालक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार के सहयोग से एक दिवसीय लीवर फाइब्रो स्कैन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर प्रतीक छाबड़ा ने अपनी टेक्नीशियन टीम के सहयोग से जहां आगंतुक लोगों की अत्याधुनिक तरीके की मशीन से लीवर की जांच कर तीन 3 मिनट में उसकी रिपोर्ट दी, साथ ही लिवर से संबंधित आवश्यक चिकित्सी परामर्श भी दिया, इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रजनन कर हुआ, इस दौरान कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल बिलासपुर, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं लीवर फाइब्रोस्कैनर शिविर के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय मंत्री नित्यानंद अग्रवाल, प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ प्रतीक छाबड़ा एवं आयोजक कंपनी के प्रमुख गौरव जी मौजूद रहे,तथा कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए शक्ति शाखा के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर का आयोजन राजेंद्र अग्रवाल राजू के सहयोग से किया जा रहा है, तथा शिविर में लगभग 100 लोगों ने अपना अग्रिम पंजीयन करवाया है, एवं आने वाले समय में शक्ति शाखा इसी तरह से कार्य करती रहेगी, कार्यक्रम को स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया, तो वहीं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की शक्ति शाखा की ओर से आगंतुक अतिथियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, साथ ही इस शिविर में लगभग 120 लोगों ने पंजीयन करवाया था जिनकी सुबह से ही जांच प्रारंभ हुई जो की निरंतर चलती रही,शिविर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न शहरों से लोग पहुंचे हुए थे, तथा डॉ प्रतीक छाबड़ा ने भी वन टू वन लोगों की लीवर की जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया तथा लोगों में शिविर के प्रति काफी उत्साह देखा गया, एवं पूरी व्यवस्था को बनाने में होटल गिरिराज रैम बसेरा के संचालक एवं शक्ति शाखा के संरक्षक अमरलाल अग्रवाल एवं उनके छोटे भाई पंकज अग्रवाल पिंटू ने भी अपना विशेष योगदान दिया तथा आगंतुक लोगों के लिए जहां ठंडे पानी, शरबत एवं चाय बिस्कुट की भी व्यवस्था की गई थी तो वहीं पहली बार आयोजित होने वाले इस लीवर फाइब्रो स्कैन शिविर को लेकर लोग उत्सुक भी थे तथा ऐसा शिविर शक्ति में पहली बार संपन्न हुआ वहीं आगंतुक पदाधिकारीयो ने गिरिराज रैन बसेरा में चल रहे बच्चों के समर मिड ब्रेन कैंप का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विनीता ने आंख में पट्टी बांधकर बच्चों द्वारा बताई जाने वाली जानकारी का डेमो भी दिया जिस पर राजेंद्र अग्रवाल राजू मदन मोहन अग्रवाल एवं नित्यानंद ने भी ऐसे कार्यक्रम की प्रशंसा की, तथा बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शक्ति शाखा के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से रामअवतार अग्रवाल, मदन मोहन शर्मा, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, रमेश चंद्र अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, महेश अग्रवाल अधिवक्ता, राजेश अग्रवाल जेपी, कैलाश अग्रवाल, अशोक खेतान, मानस अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अभिषेक शर्मा गोलू, कन्हैया गोयल, रुपेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल बाबुलाल, अनिल सराफ, मुकेश अग्रवाल साई कंप्यूटर, कपुरचंद अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, मनीष कथूरिया सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# धन्यवाद पुलिस-एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिला पुलिस अधिकारी कर रहे मानवीय पहल






पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

कहते हैं कि पुलिस प्रशासन का काम अपराधियों पर अंकुश लगाना होता है, किंतु शक्ति जिला पुलिस के कार्य अपने आप में एक अनुकरणीय है, शक्ति जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के दिशा- निर्देशन में जहां जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ मानवीय, सेवा एवम रचनात्मक कार्यों में भी अपना पूरा योगदान दे रही है, तो इसी श्रृंखला में वर्तमान में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए एसपी अंकिता के निर्देशन में शक्ति जिले के ऊर्जावान पुलिस थानों के प्रभारी एवं यातायात प्रभारी कमल महतो भी जहां निरंतर पूरे जिले को अव्यवस्थित यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं तो वहीं गर्मी से बचाव की दिशा में भी वे लोगों को जरूरत की चीजे उपलब्ध करवा रहे हैं साथ ही उन्हें बचाव को लेकर टिप्स भी दे रहे हैं, बढ़ती गर्मी मे जँहा लगातार तापमान बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति मे हिट स्ट्रोक से कई लोगो की जाने भी जा रही है, इसमें सबसे ज़्यादा प्रभाव ड्राइवरो, कुली, मजदूरों, फल बेचने वाले, रोड मे छोटे व्यवसाय करने वाले, एवं पुलिस के कर्मचारी है जो इस तापमान मे भी फिल्ड मे लगातार ड्यूटी कर रहे है, ऐसी स्थिति को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज संजीव शुक्ला के पहल मे पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा सभी थाना चौकी प्रभारी को मानवीय पहल करते हुए अपने थाना स्टॉफ, कुली, मजदूरों, रोड किनारे छोटे व्यवसाय करने वालो जो इस गर्मी के सीधे प्रभाव मे आ रहे है। उन्हे गर्मी से बचने हेतु आवश्यक समझाइस देते हुए ग्लूकोस, विटामिन सी, गमछा, ओआरएस, चस्मा, पानी वितरण थाना स्टॉफ एवं आम लोगो मे करने दिशा निर्देश दिया गया तथा ट्रांसपोटरों को ड्राइवर खलासी आदि के लिए ओआरएस ग्लूकोस प्रदाय करने राइस मिलरो, क्रेशर संचालको, प्लांट संचालित करने वालो को मजदूरों और ड्राइवारो के लिए सामग्री एवं उचित व्यवस्था बनाये रखने को कहा गया है, सामान्य रूप से देखा जाता है कि ऐसे कार्यों की पहल सामाजिक, स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा की जाती है, किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों पर जिले के नागरिकों ने भी शक्ति पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया है, साथ ही कहा है कि पुलिस भी यदि निरंतर सामाजिक कार्यों में अपना सक्रिय योगदान दे तो निश्चित रूप से आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना और अधिक मजबूत होगी।

# यातायात पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वाले ट्रक चालक के खिलाफ किया दस हजार रुपये का जुर्माना

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर 10000/- रूपये जुर्माना हुआ है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक सक्ती के निर्देश के मार्गदर्शन में जिला सक्ति में दुर्घटना में अंकुश लगाने के लिये सवित्त क्षेत्र में की जा रही पहल, वाहन चालको का ब्रिथ ऐनेलाईजर से शराब सेवन करने की चेकिंग की जा रही है। जिसमें एक ट्रक क्रमांक सीजी 12 सी 3133 वाहन चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर वाहन को जप्ती कर न्यायालय पेश किया गया, जहां सीजीएम न्यायालय सक्ती के द्वारा शराब सेवन करने वाले चालक पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दस हजार रूपये का संमन शुल्क काटा गया है।



# ट्रैक्टर सर्विसिंग सेंटर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली की चोरी

**मामले में नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**आरोपियों ने किराए की ट्रैक्टर से चुराये थे ट्राली, पुलिस ने चोरी ट्राली और ट्रैक्टर की जप्ती**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीते अप्रैल में खरसिया क्षेत्र अंतर्गत सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली चोरी मामले में चैकी खरसिया पुलिस ने ट्रैक्टर की चोरी करने वाले तीन आरोपियों में से 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसमें एक नाबालिग है। आरोपियों से चोरी गई ट्राली और चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 30 मई को पुलिस चौकी खरसिया में ग्राम सेन्द्रीपाली में रहने वाले दिगम्बर पटेल (उम्र 42 वर्ष) उसकी सोनालिका ट्रैक्टर ट्राली चोरी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 3 अप्रैल को अपनी ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 13 एएस 2383 एवं ट्राली नंबर सीजी 13 डब्लू 8856 को सोनालिका ट्रेक्टर एजेंसी बाम्हनपाली रोड खरसिया में सर्विसिंग के लिये छोड़े थे। 12 अप्रैल को सर्विसिंग सेंटर गये तो देखे बाहर खड़ी ट्राली नहीं था। सर्विसिंग सेंटर वालों ने बताया कि 12 अप्रैल के सुबह ट्राली बाहर खड़ी थी। उसके बाद काम की व्यस्तता के कारण ट्राली को ध्यान नहीं दे पाए रात 11-12 के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति ट्राली को चोरी कर ले गया। पुलिस चौकी खरसिया में धारा 379 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम पतासाजी किया जा रहा था। इसी दरमियान कल चैकी खरसिया पुलिस ने ट्राली चोरी के संदेह में ग्राम छोटे मुडपार के युवक आशीष पटैल को हिरासत में ली। आशीष पटैल से ट्राली चोरी के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आशीष पटैल ने बताया कि वह रोशन कुमार साह निवासी कूड़ेकेला की ट्रैक्टर महिंद्रा ट्रैक्टर सीजी 13 एटी 6563 को किराए में लिया था जिसे बालू धुलाई तथा अन्य कामों में लगाया था। ट्रैक्टर को गणेश चौहान चलता था। एक दिन गणेश चैहान बताया कि बाम्हनपाली रोड सोनालिका ट्रैक्टर सर्विसिंग एजेंसी बाहर रोड़ पर एक ट्रैक्टर ट्राली काफी दिनों से खड़ी है। तब गणेश चौहान और एक अन्य साथी (नाबालिक बालक) के साथ मिलकर तीनों मिलकर अप्रैल महीने में सर्विसिंग सेंटर के बाहर खड़ी ट्राली को किराए की महिंद्रा ट्रैक्टर से खींचते हुए चोरी कर ले आये जिसे घरघोड़ा साईडिंग पर काम में लगा दिये थे। कुछ दिनों पहले ट्रैक्टर मालिक रोशन साह उसके ट्रैक्टर का किराया पैसा नहीं मिलने पर अपनी ट्रैक्टर खींच कर ले गया है।

# पुलिस को मिली सफलता, शहर में अनेकों स्थान पर अनवरत हुई चोरी के आरोपी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com



जिले में विगत महीनो में निरंतर हुई श्रृंखलाबद्ध चोरियों से जहां व्यापारी परेशान थे, तो वही सक्ति पुलिस ने भी इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर चोरों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है, 1 जून को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ति मनीष कुंवर ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर चोरी के आरोपियों को पकड़े जाने की जानकारी दी है, शक्ति एसडीओ पुलिस ने बताया कि आरोपी देवा यादव पिता बजरंग यादव उम्र 25 साल साकिन वार्ड क्रमांक- 05 पुरेनापारा सक्ती थाना सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) है। पहली चोरी 14.11.2023 को प्रार्थी रोहित अग्रवाल पिता कपुरचंद अग्रवाल उम्र 24 साल साकिन वार्ड क्रमांक 15 सक्ती का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11.11.2023 के शाम करीबन 06:00 बजे से 12.11.2023 के सुबह करीबन 09:00 बजे के मध्य इसके किराना दुकान के गल्ला में रखे नगदी रकम करीबन 30000/- हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अप.क्र. 380/2023, धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, 01.03.2024 को प्रार्थी शरद कुमार अग्रवाल पिता शिव कुमार अग्रवाल उम्र 32 साल साकिन हटरी हास्पीटल रोड सक्ती का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बाराद्वार रोड़ स्थित शिव आटो पार्टस के दुकान में 29.02.2024 को रात्रि करीबन 09:30 बजे दुकान को बंद कर अपने घर चला गया था, 01.03.2024 के सुबह करीबन 08:30 बजे मेरे पिता शिव कुमार अग्रवाल दुकान खोलने गया खोलकर देखा कि दुकान के दराज में रखा नगदी 70000/- हजार रूपये एवं कुछ चांदी के सिक्के पूजा वाला लक्ष्मी गणेशी की मूर्ती को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 100/2024, धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 14.04.2024 को प्रार्थी नरेश अग्रवाल पिता विष्णुदायाल अग्रवाल उम्र 50 साल साकिन बंधवा तालाब के पास सक्ती का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11.04.2024 के 21:00 बजे से 12.04.2024 के 09:30 बजे के मध्य इसके इलेक्ट्रानिक दुकान के गल्ला में रखे करीबन 20000/- हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 175/2024, धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, 15.04.2024 को प्रार्थी गुलाब चंद अग्रवाल पिता स्व. विनोद कुमार अग्रवाल उम्र 41 साल साकिन वार्ड क्रमांक 08 हटरी चौक सक्ती का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14-15.04.2024 के दरम्यानी रात में कृषि केन्द्र (किसान बीज भंडार) दुकान के गल्ला में रखे करीबन 12000/ हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 179/2024, धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, सक्ती शहर में हो रहे लगातार चोरी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा सघन गस्त/ पेट्रोलिंग, संहेदियों से पूछताछ कर सूचना संकलन करने तथा चोरी के प्रकरणों में पूर्व गिरफ्तार आरोपियों पर सतत् निगाह रखने के दिये दिशा निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदर्शन पर सायबर सेल से तकनिकी सहायता के आधार पर तथा मुखबिर सूचना पर देवा यादव पिता बजरंग यादव निवासी पुरेनापार सक्ती को को मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर करीब 02 साल पूर्व दुर्गा टायर बाराद्वार रोड़ स्थित दुकान के गल्ला से 12000/- हजार रूपये को चोरी करना, करीब 07 माह पूर्व मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के पास में रोहित अग्रवाल के किराना दुकान में रखे गल्ला से 30000/- हजार रूपये को करना, दुर्गा टायर के बगल तेल दुकान से करीब 05 माह पूर्व 12000/- हजार रूपये चोरी करना, 03 माह पूर्व एम.के. इलेक्ट्रीकल दुकान से 40000/- हजार रूप्ये चोरी करना, करीबन 03 माह पूर्व शिव आटो पार्टस बाराद्वार रोड स्थित दुकान से 70000/- हजार रूपये का करना, आज से 02 माह पूर्व नरेश अग्रवाल के इलेक्ट्रानिक दुकान से 20000/- हजार रूपये चोरी करना, करीबन 02 माह पूर्व गुलाब चंद अग्रवाल के किसान बीज भंडार से 12000/- हजार रूपये करना, करीबन 01 माह पूर्व बंसल प्लास्टिक दुकान के गल्ला से 2200/- रूप्ये एवं 05 नग चांदी का सिक्का चोरी करना बताया तथा चोरी किया।

पैसा से एक मोटरसायकल क्र. सीजी 11 बी.जे. 9187 एवं एक स्कूटी होण्डा कम्पनी का क्र. सीजी 11 बी जे 8626, एक फ्रिज समसंग कम्पनी, एक नग छोटा कुलर, टेंट का पर्दा, डिसको लाईट 08 नग, 02 नग एंड्रोईड मोबाईल, किमती 2,58,500/- रूपये को चोरी किये गये पैसा से खरीदना बताया जिससे उपरोक्त समाग्री को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी, उप निरीक्षक समीर डुंगडुंग, उप निरीक्षक जी.एस. राजपूत, सउनि मथुरा प्रसाद मन्नेवार, प्र.आर मनोज जाना तथा सायबर टीम सक्ती से निरीक्षक अमित सिंह, प्र.आर. प्रेम राठौर, आरक्षक राठौर राठौर, फारूख खान, अलेक्स मिंज, खगेश राठौर, कमलेश लहरे, कमल सिदार की भूमिका रही।प्रकरण में आरोपी से जप्तशुदा समान 01 नग मोटरसायकल क्र. सीजी 11 बी जे 918701 नग स्कूटी होण्डा कम्पनी का क्र. सीजी 11 बी जे 862601 नग फ्रिज समसंग कम्पनी 01 एक नग छोटा कुलर कीमती 01 टेंट का पर्दा, डिसको लाईट 08 नग।02 नग एंड्रोईड मोबाईल, जुमला कीमती 2,58,500/- रूपये है।

# चंद्रकली बानी का निधन



**चांपा।** रानी रोड चांपा निवासी केसरवानी समाज के प्रतिष्ठित जगदीश प्रसाद बानी, जगन्नाथ प्रसाद बानी, विष्णु प्रसाद बानी, रोहित प्रसाद बानी की माताजी चंदकली बानी का 86 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया, 2 जून 2024 रविवार दोपहर अंतिम यात्रा रानी रोड देवांगन मोहल्ला चांपा स्थित निवास से पुराना भैंसा बाजार स्थित हसदेव नदी के तट पर सार्वजनिक मुक्तिधाम में उनके अंतिम संस्कार के लिए पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर परिवार जनों, रिश्तेदारों, समाज के लोग तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। केसरवानी समाज चांपा ने माताजी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए बानी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# सूफी संत मलंग शाह के उर्स में शामिल हुए कृष्ण कुमार राय ने कहा कुमार दिलीप सिंह जूदेव ने कायम की यहां सामाजिक सौहाद्र की

## कव्वाली कमेटी ने कृष्ण कुमार राय का किया आत्मीय स्वागत, श्रोताओं की रही भीड़



**पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर**
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय जशपुर में शनिवार और रविवार को प्रसिद्ध सूफी संत मलंग शाह का सालान उर्स मनाया गया। इस मौके पर दूर-दूर से जायरीन बाबा मलंग शाह के दरगाह में हाजिरी देकर दुआएं मांगी। इस दौरान दो रात मुकाबला कव्वाली का आयोजन भी कमेटी की ओर से किया गया। जिसमें शनिवार की रात मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नेता और छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष रहे कृष्ण कुमार राय शामिल रहे। उनके साथ नेता और अधिवक्ता नरेश नंदे झारखंड से आए मेहमान कुमुद, फैजान सरवर खान, संतोष सिंह, इम्तियाज अंसारी, हदीस अंसारी उपस्थित थे। कव्वाली कमेटी के सदर महबूब अंसारी, सेक्रेटरी सरफराज आलम, खजांची रफीक अंसारी, इमरान आलम, शब्बु कुरैशी और अन्य ने मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार राय का फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कव्वाली में आए फनकार अजीम नांजा और तनवीर कौसर ने भी मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार का पुष्प गुच्छ देकर कार्यक्रम में इस्तकबाल किया।

### सामाजिक सौहाद्र की मिसाल : राय

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार राय ने कहा, जशपुर की सामाजिक परंपरा की मिसाल देश दुनिया में दी जाती है। यहां सभी धर्म के लोग भाईचारा के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा, जशपुर में सामाजिक सौहाद्र को बढ़ाने में दिवंगत कुमार दिलीप सिंह जूदेव का सबसे बड़ा योगदान रहा है। वे इस उर्स में हमेशा शामिल होते रहे हैं। आज भी कव्वाली मंच में उनका नाम 1996 से अंकित है। राज्यसभा सांसद होने के दौरान ही उन्होंने नवनिर्मित कव्वाली मंच का उद्घाटन किया था। वे पूरी रात कव्वाली का आनंद लेते थे। सूफी संत मलंग शाह का दरगाह भी जशपुर रियासत के दौरान स्थापित भाई चारे की मिसाल है।

### याद किए गए नईम खान

मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों और राजनीतिक सफर को लेकर मरहूम नईम खान को हमेशा याद किया जाता रहा है। कव्वाली के कार्यक्रम में भी कव्वाल अजीम नाजां ने उन्हें कई बार याद किया। कव्वाल नाजां ने कहा, आज से 20 साल पहले मरहूम नईम खान ने ही उन्हें जशपुर के कव्वाली प्रोग्राम में बुलाया था, जिसकी याद ताजा हो गई।

# कवि कुश कुमार साहू और पुहुप पुष्पराज निषाद को मिला मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान



**पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा**
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत मोपर वि.खंड भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़ के उभरते कवि के रूप में कुश कुमार साहू और उनके मार्गदर्शक साथी पुहुप पुष्पराज निषाद को मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। राजधानी रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई के भव्य वार्षिक महोत्सव में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मुन्नालाल देवदास (राष्ट्रपति पुरस्कृत एवं संस्थापक कौशल्या इनोवेशन फाऊंडेशन), अतिथि कुलेश्वर साहू हरिओम (मार्गदर्शक-मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ईकाई), रामेश्वर शर्मा (ष्ठ साहित्यकार व गीतकार) उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन महेंद्र बेजुबाँ और नूपुर साहू ने एवं कार्यक्रम के दिशा निर्देशक मानसरोवर साहित्य अकादमी के संस्थापक मानसिंह सुथार, निर्देशक चोपेश्वर साहू एवं संयोजक लता शर्मा 'त्रिशा' विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लापता प्राची साहू को वापस लाने प्रदेश साहू समाज लामबद्ध

## बिटिया को सप्ताह भर में नहीं खोजे तो होगा उग्र आंदोलन उमेश साहू





**पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी**
www.dailypioneer.com

ज्ञात हो की धमतरी जिले अंतर्गत कुरूद विकासखंड के ग्राम दर्रा निवासी कुमारी प्राची साहू जो अभनपुर ग्रेसियस कॉलेज में नर्सिंग की छात्रा है जो पिछले 27 अप्रैल से लापता है जिसको घर वाले खोजबीन करने के बाद अभनपुर थाने में रिपोर्ट लिखाए। जांच में यह बात सामने आई की उत्तर प्रदेश निवासी मुस्लिम युवक से इंस्टाग्राम में संवाद हुआ था। जिस आधार पर अभनपुर पुलिस परिजन को लेकर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे जहां पर उत्तर प्रदेश पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा थाने में बुलाकर लड़के से पूछताछ किया गया परंतु लड़के ने लड़की को अपने पास नहीं होना बताया जिसके कारण छत्तीसगढ़ पुलिस वापस आ गई और अभी तक लड़की के विषय में कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस पूरे घटनाक्रम से कोई बड़ी घटना की ओर अंदेशा हो सकता है इस बात की खबर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज के महामंत्री धमतरी निवासी दयाराम साहू के संज्ञान में आने पर सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, प्रदेश साहू समाज के उपाध्यक्ष मालक राम साहू, उपाध्यक्ष शारदा साहू, कुरूद नगर के संरक्षक रामेश्वर साहू के साथ दर्रा में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे जहां पर साहू समाज के लोग एकत्रित हुए और घटना के विषय में चर्चा की गई। उसके पश्चात गांव के सरपंच समाज के आसपास के के सामाजिक पदाधिकारी के साथ अभनपुर थाने में गए जहां पर अभनपुर विधानसभा के विधायक इंद्र कुमार साहू के साथ अभनपुर क्षेत्र के कई अन्य सामाजिक पदाधिकारीयों के साथ थाने में जाकर थाना प्रभारी से बातचीत की गई। थाना प्रभारी के द्वारा जल्द से जल्द मामला को सुलझाने का आश्वासन दिया गया। प्रदेश साहू समाज के द्वारा अल्टीमेटम पत्र दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर समाज की बेटी को अगर खोज कर नहीं लाया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। पत्र देने वालों में कोमल चंद साहू साहू समाज अध्यक्ष दर्रा, त्रिलोचन साहू सरपंच दर्रा, चीमन लाल साहू दर्रा संरक्षक, चंद्रभान साहू संरक्षक, भालेंद्र साहू सचिव, सागर साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभनपुर के साथ अभनपुर क्षेत्र के कई समाजसेवी किशन शर्मा अध्यक्ष नगर पंचायत अभनपुर, मुकेश डीडी सरपंच गोतीयारडीह, गोयल भट्ट उपाध्यक्ष भाजयुमो रायपुर, सागर साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू समाज अभनपुर, राजू पांडे आदि उपस्थित थे।

# अलग-अलग शराब दुकान कैंपस में दो व्यक्ति की मौत

**पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा**
www.dailypioneer.com



रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में संचालित अलग-अलग शराब दूकान कैंपस में दो युवकों की मौत हो गई है। मौत की वजह की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है, लेकिन मौत की वजह बढ़ती गर्मी के ग्राफ को माना जा रहा है। बता दें कि तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों के कैंपस में एक ही दिन में अलग-अलग दुकान के समीप दो युवक की मौत हो जाने की खबर सामने आयी है। तिल्दा-नेवरा के सरोरा मार्ग में संचालित शासकीय शराब दुकान के चखना सेंटर कैंपस में जहां एक व्यक्ति की मौत हुई है। जिनकी उम्र लगभग 38 वर्ष आंकी जा रही है, मृतक का शिनाख्तगी बहरहाल नहीं हो पाया है, वहीं बैकुंठ कंपोजिट शराब दुकान के समीप भी एक व्यक्ति की मौत हुई है। जिसे तिल्दा-नेवरा निवासी सीतू मसीह के रूप में पहचान की गई है। संभावना जताई जा रही है कि दोनों मामले पर मृतक युवकों ने शराब का सेवन कर गर्मी की तेवर को झेल नहीं पाया, और उनकी मौत हो गई। वहीं शासन के द्वारा मुनाफा के चलते चखना सेंटर की टेंडर व्यवस्था पर भी उंगली उठ रही है, चखना सेंटर कैंपस जहां पर युवक की मौत हुई है। वहां पर चखना सेंटर के द्वारा ग्राहको को जो सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए, वह पर्याप्त नहीं है, शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है। मौत के वजह का यह भी कारण हो सकता है। बहरहाल लोगों के सूचना पर शव को एंबुलेंस के द्वारा शासकीय अस्पताल ले जाकर शव को सुरक्षित रखा गया है। वहीं पोस्टमार्टम के पश्चात कुछ खुलासा हो सकता है। वहीं शासन के द्वारा चखना सेंटर में ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधा भी खोखली नजर आ रही है। कहां जा रहा है कि शराब दुकान के चखना सेंटर पर समुचित व्यवस्था को लेकर शासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का परिपालन नहीं किया जा रहा है। वहीं आबकारी विभाग के जवाबदार अधिकारी पर भी उंगली उठ रही है, चूंकि अधिकारी शराब दुकान कैंपस में ग्राहकों के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है, किस तरह की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इस मामले पर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। यहां तक की लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मिडिया जगत का फोन भी इस क्षेत्र के आबकारी अधिकारी के द्वारा रिसिव नहीं किया जाता। यहां तक कि पत्रकारों का मोबाइल नंबर ही ब्लेक लिस्ट में डाल दिया गया है। जिससे जाहिर होता है कि संबंधित विभाग के संक्षम अधिकारी कहीं ना कहीं अपने कर्तव्यों को लेकर लापरवाही बरत रहे है।

# बस स्टैंड के निरीक्षण में पहुंचे एसपी शशिमोहन सिंह

## बेतरतीब वाहनों और झगड़ा करने के मामले में दी समझाईस



**पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर**
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने रविवार को शहर के बस स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड के मुख्य मार्ग एवं बाजार दंड की मार्ग पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर भी करवाई करने को कहा, उन्होंने बस स्टैंड में खड़े बेतरतीब वाहनों को हटाने के निर्देश दिए साथ ही दुकानों के सामने खड़े वाहनों को भी सही तरीके से लगाने के दुकानदारों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने बस स्टैंड में सब्जी दुकानदार द्वारा लगाए जा रहे पिकअप वाहनों को भी हटाने के सख्त निर्देश दिए साथ ही कपड़ा दुकान के सामने खड़े करने वाले वाहन को भी हटाने को कहा इस दौरान उन्होंने बस के कंडक्टरों एजेंटो को भी हिदायत देते हुए बसों को सही तरीके से लगाने एवं लड़ाई झगड़ा नहीं करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह की लड़ाई झगड़ा करते पाए जाते है तो सीधे पुलिसिया कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बाजार डाँड़ एवं बस स्टैंड में मुस्तादी से ड्यूटी करने वाले आरक्षक 635 राजेश कालो 596 सोभनाथ सिंह को इनाम देने की घोषणा की दोनों ही आरक्षक सिटी कोतवाली जशपुर में पदस्थ है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा थाना प्रभारी जशपुर रवि शंकर तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंतिम दिन नौतपा ने लोगों को जमकर तपाया

**पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी**
www.dailypioneer.com







अंचल में 25 मई से नौतपा शुरू हुई है। पूरे आठ दिन तापमान का पारा 38 से 40 डिग्री के बीच रहा लेकिन अंतिम दिन लोगों को जमकर तपाया। वही दिनभर बादल छाये रहने से धूप छांव की स्थिति बनी रही। अंचल में 25 मई से नौतपा शुरू हुई जो पूरे आठ दिन तापमान का पारा 38 से 40 डिग्री के बीच रहा। लेकिन अंतिम दिन लोगों को जमकर तपाया। वहीं दिनभर बादल छाये रहने से धूप छांव की स्थिति बनी रही। तापमान का पारा दो डिग्री बढने के साथ 42 डिग्री हो गया। लोग सुबह से दोपहर तक तेज धूप से तपते रहे। वहीं भारी उमस ने लोगों को बेचैन किया। आज से पंचक की शुरूआत हो रही है, जिसमें तापमान और बढने की आशंका है। दो जून नौतपा का अंतिम दिन रहा। सुबह से तेज धूप व भारी उमस वातावरण में बना रहा। दोपहर तक तापमान का पारा 42 डिग्री तक चढ गया जो अन्य दिनों की अपेक्षा दो डिग्री अधिक है। नौतपा अंतिम दिन लोगों को जमकर तपाया। भारी गर्मी व उमस के चलते दोपहर एक बजे से ही शहर व ग्रामीण अंचलों की गलियों व सडकों पर सन्नाटा छा गया। भीषण गर्मी व उमस से बचने कामकाजी लोग सिर पर गमछा, हाथ में स्कार्फ लगाकर चल रहे थे। वहीं शहर क्षेत्र में बुजुर्ग समेत महिलाएं नौतपा के अंतिम दिन पडी तेज धूप से बचने छतरी लेकर चल रहे थे। वहीं खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे किसान व मजदूर समय से पहले अधिक धूप पडने की वजह से काम कर लौट गए। भारी गर्मी व उमस के चलते लोगों के कंठ सूखने लगा, ऐसे में गला तर करने शहर के चौक-चौराहों पर संचालित गन्ना रस, बर्फ के गोले, कोल्ड्रिक की दुकानों में ठंडा पेय पदार्थो की मांग बनी रही। उल्लेखनीय है कि नौतपा के नौ दिन आंधी-तूफान व हल्की बारिश हुई।

### आज से पंचक शुरू

नौ दिनों तक चलने वाली नौतपा समाप्त होने के साथ अब गर्मी सीजन के अंतिम पांच दिन के लिए तीन जून से पंचक शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार इस साल समय से पहले मानसून आने की संभावना है, ऐसे में बारिश शुरू होने की संभावना भी है। पंचक के पांच दिनों में भीषण गर्मी के बीच लोगों को जिला अस्पताल में पदस्थ डा संजय वानखेडे ने गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने कहा है,क्योंकि भीषण गर्मी का विपरीत असर सेहत पर पडेगा।

# नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान में हिस्सा लिया भटगांव और बरारी के ग्रामीण

## जल जगार उत्सव में किया गया पानी बचाने और वृक्षारोपण करने प्रोत्साहित





**पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर जिले में जल जगार उत्सव के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को पानी बचाने, वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं जल प्रहरी नीरज वानखेड़े द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई सहित रूफटॉप स्ट्रक्चर, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इत्यादि के ज़रिए पानी संरक्षित करने की बारिकी से दी जा रही है। इसी कड़ी में आज धमतरी के ग्राम भटगांव और बरारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं, बच्चो, बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पानी के महत्व को समझा। इस अवसर पर गांवों में जल प्रहरी के तौर पर कार्य करने वालों सहित जल संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में शामिल होने वालों को टी शर्ट, मग, टोपी, पॉम्पलेट प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने बारिश में गिरने वाली एक एक बूंद को बचाने की शपथ ली। साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति के सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी भी ली।

# एंटरटेनमेंट में उबाल आने वाला है, सुना है टीवी पर बवाल आने वाला है

### कलर्स 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के साथ डिनर के समय लाफ्टर की डिश पेश करता है




**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

9 आपके पसंदीदा सेलिब्रिटीज़ को एक असाधारण किचन सेट-अप में लाते हुए, राजधानी बेसन द्वारा प्रायोजित, विशेष भागीदार विम लिक्विड, एसोसिएट प्रायोजक जेके टायर्स, 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का प्रीमियर 1 जून को होगा और हर शनिवार और रविवार को रात 9:30 बजे प्रसारित होगा, केवल कलर्स पर 9 राष्ट्रीय मई 30: लीजिए मनोरंजन का स्वाद, डिनर के साथ हर किसी की मनोरंजन की भूख मिटाने के लिए मेज़ तैयार हो गई है! कलर्स ने एक अनूठा मनोरंजन शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' पेश किया है, जो आपके पसंदीदा सेलिब्रिटीज़ को एक असाधारण कुकिंग सेट में एक साथ लाता है, जिससे आपके लिए ट्रेजडी में कॉमेडी पेश की जाएगी। तेरह सबसे बड़े एंटरटेनर और शौकिया शेफ अपने पारस्परिक मस्ती-मज़ाक और संबंधों से मनोरंजक कहानियों के साथ-साथ खाना परोसकर हंसी का तूफ़ान मचाने वाले हैं। अनुचित माप, खाने की सामग्री के अजीबोगरीब प्रतिस्थापन, और कई अन्य गड़बड़ियों के साथ, किचन के नौसिखियों का यह मिक्कर हंसी से भरपूर खिचड़ी परोसने का वादा करता है। कृष्णा अभिषेक - कश्मीरा शाह, विक्की जैन अंकिता लोखंडे, राहुल वैद्य अली गोनी, रीम समीर शेख जन्नत ज़ुबैर, करण कुंद्रा अर्जुन बिजलानी, और सुदेश लेहरी निया शर्मा जैसी प्रशंसकों की पसंदीदा हस्तियां किचन के इस असाधारण सेट अप की शोभा बढ़ाएंगी। कॉमेडी क्वीन, भारती सिंह इस शो की मेज़बानी करेंगी और सेलिब्रिटी शेफ कोच हरपाल सिंह सोखी रसोई के हंगामे में अपनी विशेषज्ञता देंगे और लाफ्टर शेफ द्वारा तैयार किए गए हर व्यंजन को रेटिंग देंगे।

# पीबी पार्टनर्स बीमा के क्लेम की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी और प्रभावशाली बना रहा है

pbpartners.com™
#EK RISHTA BHAROSE KA

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

बीमा के मामले में क्लेम का मौका पड़ने पर उसकी सच्चाई सामने आती है। पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स के अंतर्गत ब्रांड, ''पीबी फॉर पार्टनर्स'' अपने एजेंट पार्टनर्स और ग्राहकों के लिए इस प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और प्रभावशाली बना रहा है। पीबीपार्टनर्स मेट्रो शहरों के बाहर भी बीमा की उपलब्धता बढ़ा रहा है और जमीनी स्तर पर काम करने वाले इसके एजेंट पार्टनर्स क्लेम सैटेलमेंट में मदद कर सुगम सेवा सुनिश्चित कर रहे हैं। यह मॉडल ग्राहक अनुभव बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग एवं पूछताछ के लिए स्थानीय संपर्क बिंदु प्रदान कर एजेंट, ग्राहकों और बीमाकर्ता सभी के लिए फायदेमंद है। प्रभावशाली क्लेम प्रबंधन के साथ ग्राहकों का विश्वास जीतने के बारे में ध्रुव सरीन, को-फाउंडर, पीबीपार्टनर्स ने कहा, ''पीबीपार्टनर्स क्लेम सैटेलमेंट की तीव्र व सुगम प्रक्रिया प्रदान करता है। जब भी कोई हमसे बीमा खरीदता है, उसे वित्तीय सुरक्षा से बढ़कर सुविधा मिलती है। ध्रुव ने कहा, ''इसके अलावा हमारी इन-हाउस एआई फंक्शनैलिटी, जैसे पीबी इंस्पैक्ट से ग्राहकों और एजेंट्स केलिए क्लेम की प्रक्रिया बहुत सरल बन गई है। यदि मोटर बीमाधारक ने अपनी पॉलिसी पीओएसपी एजेंटपार्टनर से खरीदी है, और उसे क्लेम का निवेदन डालना है, तो उसके केवल अपने ऐप में जाकर बीमित वाहन के फोटो और वीडियो अपलोड करने होंगे। यह काम वो स्वयं या फिर पीओएसपी एजेंट पार्टनर की मदद से कर सकते हैं। इस प्रकार वो एक स्ट्रीमलाईड प्रक्रिया द्वारा क्लेम प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए पारंपरिक तरीके से हफ्तों लग जाया करते थे, लेकिन अब यह काम आप चाहें कहीं भी हों, वहीं से मिनटों में कर सकते हैं।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संतोष कुमार बंजारे पिता साधेलाल बंजारे ग्राम-चोरभट्ठी, पोस्ट-कोरासी, थाना-आरंग, जिला-रायपुर, पिन - 493225 (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम संतोष कुमार पिता साधेलाल बंजारे रख लिया हूँ। अतः मुझे समस्त, शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम संतोष कुमार पिता साधेलाल बंजारे से ही जाना पहचाना जावे।

**संतोष कुमार**
**ग्राम-चोरभट्ठी,**
**पोस्ट-कोरासी, थाना-आरंग,**
**जिला- रायपुर**
**पिन - 493225 (छ.ग.)**

प्रपत्र-IV
(नियम 5 का उप नियम 2(क) देखें)
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर
797-11, शांतिकुंज, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (एम.पी.) 482001
(क्षेत्राधिकार - मध्य प्रदेश)
(ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 12 और 13 के साथ पठित बैंकों और वित्तीय संस्थानों को देय ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के तहत प्रतिवादी को समन)
मूल आवेदन संख्या 1427/2022

आईडीएफसी बैंक लि. .......आवेदक
बनाम
मैसर्स एम.एम. साड़ी एवं अन्य .......प्रतिवादी

सेवा में
1. मैसर्स एम.एम. साड़ी
इसके प्रोपराइटर के माध्यम से
राजकुमारी डहरीवाल, दुकान नं. ए-9 और 10, न्यू क्लॉथ मार्केट, पहाड़ी तारोई, रायपुर छत्तीसगढ़ रायपुर 492001
2. निशांत धारीवाल
ओक विला-148, सफायर ग्रीन विधानसभा रोड, रायपुर, सी.जी., 492007
औरः निशांत धारीवाल
ब्लॉक नं. 15 प्लॉट नं. 13 प्लॉट नं. 13 उप प्लॉट नं. 17/18 (भाग), म्यूनिसिपल मकान नं. 31/501 सिविल लाइंस, वार्ड क्रमांक 31, रायपुर सी.जी., 492001
3. राजकुमारी धारीवाल
ओक विला-148, सफायर ग्रीन विधानसभा रोड, रायपुर, सी.जी., 492007
औरः राजकुमारी धारीवाल
ब्लॉक नं. 15 प्लॉट नं. 13, उप प्लॉट नं. 17/18 (भाग), म्यूनिसिपल मकान नं. 31/501 सिविल लाइंस, वार्ड क्रमांक 31, रायपुर सी.जी., 492001
4. प्रमोद कुमार धारीवाल
ओक विला-148, सफायर ग्रीन विधानसभा रोड, रायपुर, सी.जी., 492007.
औरः प्रमोद कुमार धारीवाल
ब्लॉक नं. 15 प्लॉट नं. 13, उप प्लॉट नं. 17/18 (भाग), म्यूनिसिपल मकान नं. 31/501 सिविल लाइंस, वार्ड क्रमांक 31, रायपुर सी.जी., 492001

जबकि, ओए/1427/2022 माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष 20.12.2022 को सूचीबद्ध किया गया था।
जबकि, ओए/1427/2022 माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष 20.12.2029 को सूचीबद्ध किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 3,67,04,628.63 (दस्तावेजों आदि की प्रतियों के साथ आवेदन संलग्न) के ऋण की वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओ.ए.) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार आप प्रतिवादियों को निम्न निर्देश दिया जाता है:-

1. सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए;
2. मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें;
3. आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है;
4. आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे;
5. आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
6. आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 02/09/2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 09.05.2024 को दिया गया।

मोहर

हस्ता
अधिकृत अधिकारी
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर

# शहर में गश्त कर के फोटो खिंचवा रही पुलिस, इधर आउटर के बाद अब भीतरी इलाकों में भी चोर सक्रिय, बड़े मामले सुलझाने में साइबर सेल भी फेल

**महीने भर में दर्जनों चोरी , पुलिस के पास एक सुराग तक नहीं, पॉश कालोनियों के मकानों को बना रहे निशाना, सीसी कैमरों की फुटेज के बाद भी आरोपी पकड़ से बाहर**



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर ने अपने पिछले अंक में एक खबर का प्रकाशन किया था 'आप जागते रहिये क्यूंकि पुलिस सो रही है'। आज की खबर इस बात को प्रमाणित करती है की वास्तव में पुलिस अब तक जाग नहीं पाई है । जिले में चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है। आउटर और पॉश कालोनियों को चोर निशाना बना रहे हैं। कुछ मामलों में आरोपी सीसी कैमरों में भी कैद हुए हैं। इसके बाद भी आरोपी तक पहुंचने में पुलिस और साइबर सेल की टीम फेल साबित हो रही है। इधर अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस देर रात तक रोजाना शहर में पैदल मार्च कर रही है और फोटो खिंचवा कर वाहवाही लूटने का प्रयास कर वराही है लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है । शहरी इलाके में नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने का भी दावा है। लेकिन इसके बाद भी बढ़ती चोरियों को नियंत्रित करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। मई के ही आंकड़ों पर नजर डाले तो शहर से लेकर डोंगरगढ़, डोंगरगांव औंर छुरिया इलाके में 20 से अधिक चोरी की घटना हुई है। इसमें ज्यादातर सूने मकान में हुए चोरियां है। जिसके आरोपियों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है। ऐसे मामलों को सुलझाने के लिए साइबर सेल विशेष शाखा बनाई गई है। लेकिन साइबर सेल भी ऐसे अपराधों को सुलझाने में फेल हो रहा है। 29 मई को साई दर्शन कालोनी में सूने मकान से 5 लाख 50 हजार रुपए के जेवरातों की चोरी कर ली गई है। चोर सीसी कैमरे में कैद हुआ है। लेकिन इसमें भी अब तक कोई बड़ा सुराग हाथ नहीं लग पाया है।

### घर में घुसकर 3 लाख का जेवरात ले उड़ा चोर

डोंगरगढ़ कालका पारा के एक मकान से 3 लाख के जेवरात की चोरी कर ली गई। प्रार्थी राहुल सहारे का परिवार निजी कार्य से बाहर है। वह घर में अकेला सोया हुआ था। सुबह उठा तो घर का सामान बिखरा हुआ था। वहीं घर की पेटी में रखे 3 लाख रुपए सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गई थी। इसमें सोने के कंगल, पैंडल, चैन सहित अन्य जेवरात शामिल है। इसके अलावा डोंगरगांव इलाके में चोरी की छोटी बड़ी घटनाएं बीते 15 दिनों में दर्ज हुई है।

### गणपति विहार, इस्कॉन सिटी व बटालियन में हुई चोरी के मामले भी पेंडिंग

कुछ समय पहले ही शहर के स्कॉन सिटी के चार घरों में ताला तोड़कर नगदी व जेवरात की चोरी की गई थी। इसके बाद पॉश कालोनियों में गणपति विहार के दो मकानों को चोरों ने निशाना बनाया। कलेक्टर बंगले के पीछे मौजूद इस हिस्से के मकानों से भी लाखों रुपए के जेवरात की चोरी की गई है। लेकिन अब तक मामला सुलझ नहीं पाया है। इसी तरह डेढ़ साल पहले सशस्त्र बटालियान के 8 घरों से हुई 30 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी का मामला भी पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है।

### नकबजनी के 60 व चोरी के 100 से अधिक मामले पेंडिंग, पुलिस के हाथ खाली

जिले में सालभर में हुए अपराधों की बात करें तो नकबजनी के 60 और चोरी के 100 से अधिक मामले अब भी पुलिस नहीं सुलझा पाई है। साल 2023 में नकबजनी के 127 मामले दर्ज हुए थे। जिसमें 60 मामले की ही निराकरण हुआ है। 67 मामलें अब भी लंबित है। वहीं चोरी के 218 मामले दर्ज हुए थे। जिसमें 122 का निराकरण हुआ है। इसमें हाल में हुई चोरी को शामिल करें तो 100 से अधिक मामलों के आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। सभी मामलों में जांच जारी होने का दावा किया जा रहा है लेकिन किसी भी मामले में पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुँच पाई है।

### पायनियर ने पहले भी किया है सचेत

पिछले दिनों भी पायनियर ने अपनी खबर में जनता को आगाह किया था कि पुलिस के भरोसे मत रहें । अब ऐसे में लगातार बढ़ती चोरियों के खबर से जनता के बीच दहसत का माहौल है । गौरतलब है कि गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं जिसकी वजह से अधिकांश लोग अपने घर के बाहर हैं ऐसे में बहुत आसानी से आउटर के मकानों को चोर अपना निशाना बना रहे हैं और पुलिस केवल शहर तक सिमट के रह गई है ।

## डेढ़ लाख का ईनामी नक्सली पुलिस की गिरफ्त में



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र की गढ़चिरौली पुलिस ने नक्सल मोर्चे में कार्रवाई करते हुए डेढ़ लाख के एक ईनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए नक्सली मूलतः छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले का रहने वाला है। उस पर गढ़चिरौली जिले में कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है, वहीं कई थानों में उनके विरूद्ध नामजद आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। गढ़चिरौली पुलिस के मुताबिक पेरमिली जंगल में गश्त कर रही फोर्स को एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया, जिसे पकडक़र पूछताछ की गई। जिसमें उक्त व्यक्ति की पहचान सोमा उर्फ दिनेश मासा के रूप में हुई। सोमा के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस ने ईनाम भी घोषित कर रखा था। उस पर डेढ़ लाख रुपए का ईनाम महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित किया गया। हत्या, मुठभेड़, आगजनी एवं अन्य आपराधिक मामलों में सोमा की पुलिस को तलाश थी।

### देश की जनता तीसरी बार भी खरा सोना ही चुनेगी : भावेश




**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता भावेश बैद बयान देते हुए कहा कि देश में सात चरणों के चुनाव में देश भर में संपन्न हो चुके हैं । चार जून को मतगणना में यह साबित हो जाएगा की भाजपा ही खरा सोना है। बरसों पहले देश की जनता ने पीतल को असली सोना समझ कर चुनती रही है। जिसकी वजह से उन्हें विश्व में भारत की शाख ज्यादा नहीं बढ़ा पाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और इससे पहले अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में भारत की छवि विश्व मंच में बढ़ी है। एक से बढ़कर एक जनहितैषी योजनाओं इन प्रधानमंत्रीयो द्वय के कार्यकाल में लाई गई। जिससे देश का पिछड़ा पन लगातार दूर हुआ है। बैद ने आगे कहा कि अब हमारा देश विकासशील से विकसित बनने की ओर अग्रसर है।

## काब्य समूह में जुड़े यूएसए, इंडोनेशिया के कवि स्वर साझा काव्य संग्रह का ऑनलाइन विमोचन

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

साहित्य सेवा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डोंगरगांव को पहचान देने वाली आराधना अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह डोंगरगांव के द्वारा अपना पांचवां स्थापना दिवस और आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का आभासी आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस आयोजन को यू ट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। नगर के स्वनामधन्य साहित्यकार, रंग कर्मी, गीतकार, मंच संचालक, समाजसेवी व शिक्षक गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' के द्वारा स्थापित, संचालित इस साहित्यिक समूह का आयोजन दो सत्रों में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वैशाली रस्तोगी जकार्ता इंडोनेशिया, डॉ. बैजनाथ शर्मा ' मिन्टू ' दोहा क़तर थे।




अध्यक्षता मधु शर्मा 'मोहना ' न्यूयॉर्क यूएसए व डॉ. प्रतिभा गर्ग सिंगापुर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेम मंगल न्यूयॉर्क यूएसए तथा जय प्रकाश अग्रवाल काठमांडू नेपाल उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना तथा स्वागत संबोधन पश्चात् आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का ऑनलाइन विमोचन किया गया। उपरांत निशा अतुल्य देहरादून, रीता लोधा चाकुलिया झारखंड, बबीता माँधणा शालीमार कोलकाता, चमेली सुवासिता जगदलपुर, नीलू मेहरा कोलकाता व स्नेह लता पांडेय स्नेह के सुमधुर संचालन में देश के विभिन्न प्रांतों के लगभग 70 रचनाकारों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। डॉ. चंदा गुप्ता नेह मॉरीशस, अखिलेश्वर मिश्रा जनता पिनकापार तथा मीरा आर्ची चौहान के द्वारा क्रमशः स्वागत संबोधन एवं आभार प्रकट किया गया। ज्ञातव्य हो कि आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का ऑनलाइन विमोचन दिल्ली के हिन्दी भवन में 15 जून को एक भव्य समारोह के मध्य किया जाएगा।

## मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में किया गया रिहर्सल

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कार्य से संबंधित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रोआब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट



के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया है। उद्घोषक कक्ष में हर रॉऊंड की जानकारी दी जाएगी। सुबह 7 बजे से सभी अपने टेबल पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि मतों की गोपनीयता भंग न हो इसके लिए मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। पान, गुटखा, बीड़ी एवं अन्य मादक पदार्थ भी प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर राउण्ड में 14-14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक होने के कारण 21-21 टेबल लगाये जाएंगे। कलेक्टर अग्रवाल ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं कूलर में पानी भरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यालय होने के कारण राजनांदगांव जिले के साथ ही कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों की जानकारी समेकित करते हुए राऊण्डवार जानकारी दी जाएगी। डाकमत पत्रों की गणना के बाद ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के मापदण्डों के अनुसार मतगणना कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था त्रि-स्तरीय है, जिसमें पहले स्तर पर आईटीबीपी की फोर्स, द्वितीय स्तर पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं तीसरे स्तर पर जिला पुलिस बल के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस घोल एवं अन्य दवाईयां रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने मतगणना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उद्घोषणा कक्ष, मीडिया कक्ष, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर कक्ष राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतगणना कक्ष का जायजा लिया।

## विवादों में घिरी संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति मोक्षदा

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

कला एवं ललित कला को समर्पित एशिया प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति पद्मश्री मोक्षदा ममता चंद्राकर की नियुक्ति को लेकर जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक लामबद्ध होने लगे हैं। वर्तमान कुलपति की कार्यशैली एवं अवैध नियुक्ति को लेकर जन आक्रोश उभरने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शशांक ताम्रकार ने केंद्रीय मंत्री मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के धर्मेंद्र प्रधान को प्रेषित अपने पत्र में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के वर्तमान कुलपति पद्मश्री मोक्षदा चंद्राकर की नियुक्ति को अवैध बताते हुए पद से मुक्त करने की मांग की है। ताम्रकार ने अपने पत्र में उल्लेख



करते हुए कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के लिए 10 वर्ष प्रोफेसर के पद पर कार्य करने का अनुभव अनिवार्य योग्यता है, जो श्रीमती चंद्राकर के पास नहीं है। इसी प्रकार विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 171 की कंडिका 7.0 जो विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन से संबंधित है, मैं भी प्रोफेसर के पद पर 10 वर्षों तक कार्य करने का अनुभव रखता हूं। इसी प्रकार राजभवन द्वारा विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक एफ1 - 6/2019 /आरएस / यू-4 दिनांक और 5/3/ 2020 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कुलपति पद हेतु 10 वर्षों के प्रोफेसर पद पर कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है। पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में उपरोक्त नियमों का पालन न करते हुए पद्मश्री अथवा आकाशवाणी में कार्य करने कुलपति के पद पर नियुक्त पात्रता नहीं है किंतु इंदिरा कला संगीत विद्यालय में कुलपति के पद पर नियुक्त चंद्राकर की नियुक्ति में इन सभी अनिवार्य योग्यताओं को दरकिनार करते हुए कुलपति के पद पर असंवैधानिक नियुक्ति दी गई है। अपने पत्र में अनुरोध करते हुए कहा गया है कि चंद्राकर के समस्त कार्य शक्ति को स्थगित करते हुए तत्काल कुलपति के पद से मुक्त किए जाने की कारवाई किया जाना अपेक्षित है। पूर्व में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का शासन काल था, जिसके चलते पत्र के संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सका था किंतु वर्तमान में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, अब देखने वाली बात यह है कि इन शिकायतों पर शासन कितना अमल करती है। इस संबंध में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कोमल जंघेल का कहना है कि कांग्रेस के शासनकाल में बिना मापदंड के जिनके पास प्रोफेसरशिप व एकेडमिक का अनुभव नहीं था, उन्हें कुलपति नियुक्त कर दिया गया। अनुभवहीनता के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देश में प्रतिष्ठित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के साख में गिरावट हुई है। पूर्व भाजपा के शासनकाल में विश्वविद्यालय का चौमुखी विकास हुआ था विश्वविद्यालय के वर्तमान परिस्थितियों एवं वर्तमान कुलपति की गलत नियुक्ति के संबंध में शासन से चर्चा करेंगे।

कांग्रेस के ओम प्रकाश झा का कहना है कि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार कुलपति की नियुक्ति विवादों के घेरे में है तथा इनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय की साख गिरी है। शासन को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

## एग्जिट पोल की हवा निकलेगी जीतेंगे भूपेश बघेल : सूर्यकांत

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने चुनाव में भाजपा के पक्ष में एग्जिट पोल बताने वाले मीडिया के एक वर्ग पर अपनी दो टूक बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया पर सभी वर्ग को बड़ा भरोसा होता है लेकिन मीडिया का एक वर्ग मोदी और शाह के इतने यशोगान में लगा हुआ है। कि उसने यह भुला दिया है कि कई दशक तक देश चलाने वाली कांग्रेस के नेताओं को एक तरह से नकारते हुए चल रहा है। जैन ने आगे कहा कि लोकसभा के चुनाव में 400 से ज्यादा सीट जीतने का घमंड करने वाली भाजपा को मतगणना की तारीख नजदीक आते-आते सत्ता खिसक जाने का डर सताने लगा है। सच तो यह है कि समझदार जनता किसी प्रकार की डिंग नहीं हांकने वाली कांग्रेस को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में बिठाएगी। मोदी की गारंटी पर देश की जनता को कोई भरोसा नहीं है। कांग्रेस की न्याय गारंटी पर कांग्रेस के रग रग में जनता की सेवा करने की भावना भरी हुई है। जैन ने दावा किया कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ 295 सीट जीत कर सरकार बनाएगी।

**प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल, सुबह 7 बजे खुलेंगे स्ट्रांग रुम, चार जिलों में हुई गिनती का डाटा नांदगांव में फाइनल होगा**

## खैरागढ़ में 21, मोहला में 17 और नांदगांव में 16 राउंड में होगी वोटों की गिनती

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव की गिनती 4 जून को होगी। इसके लिए प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बार राजनांदगांव और कवर्धा के अलावा नवीन जिले केसीजी व एमएमसी में भी लोकसभा के वोटों की गिनती हो रही है। सभी काउंटिंग हॉल में टेबल से लेकर राउंड निर्धारित कर लिए गए हैं। सभी काउंटिंग हाल में विधानसभा वार रुम बनाए गए है। जहां वोटों की गिनती विधानसभार होगी। इसके बाद चारों जिले के आंकड़ों को गुगल लिंक में अपडेट किया जाएगा। नांदगांव से संसदीय क्षेत्र का फाइनल आंकड़ा जारी होगा। नवीन जिले खैरागढ़ और मोहला मानपुर में एक ही विधानसभा है। खैरागढ़ में 21 राउंड और मोहला में 17 राउंड में वोटों की गिनती होगी। जबकि नांदगांव विधानसभा में पड़े वोटों की गिनती सबसे कम 16 राउंड में होगी। इसी तरह डोंगरगढ़ में 20 राउण्ड, डोंगरगांव में 18 राउंड, खुज्जी में 19 और पंडरिया में 19 राउंड, कवर्धा में 20 राउंड में लोकसभा वोटों की गिनती की जाएगी। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। चारों जिले के विधानसभा वार गिनती के बाद डाटा एकत्र किया जाएगा। इसके बाद जिलेवार डेटा नांदगांव में फाइनल कर परिणाम जारी किया जाएगा। मतगणना के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी पूरा किया जा चुका है।



### वेतन-मानदेय लेने वाले नहीं बनेंगे अभिकर्ता

निर्वाचन शाखा ने बताया कि प्रत्याशी अपने गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। लेकिन केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के मंत्री, संसद सदस्य या विधानसभा सदस्य, नगर पालिका के मेयर या जिला परिषद, पंचायत संघ के चेयर पर्सन, केन्द्रीय उपक्रमों, राज्य उपक्रमों, सरकारी निकायों, निगम के चेयर पर्सन और सदस्य, सरकार से सालाना वेतन पाने वाले या किसी भी सरकार से सहायता प्राप्त संस्थान में पार्ट टाईम काम करने वाले व्यक्ति, पैरा मेडिकल स्वास्थ्य स्टॉफ, आगनबाड़ी कर्मचारी, उचित मूल्य दुकान के डीलर, सरकारी सेवा में होने वाला व्यक्ति, गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

### स्ट्रांग रुम में तीन लेयर की सुरक्षा, ऐसी मिलेगी एंट्री

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को कृषि उपज मण्डी प्रांगण से होकर प्रवेश करना है। मतगणना में लगे अधिकारी व कर्मचारी फल मण्डी की ओर से प्रवेश करेंगे। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु अलग-अलग रंगों के परिचय पत्र जारी किए गए हैं।

### वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में किया गया रिहर्सल

कल होने वाले मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए रविवार को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में सुबह 7 बजे से रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कार्य से संबंधित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रोआब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया है। उद्घोषक कक्ष में हर रॉऊंड की जानकारी दी जाएगी। सुबह 7 बजे से सभी अपने टेबल पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा।

### छत्तीसगढ़ में क्लीन स्वीप करेगी भाजपा : खूबचंद

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि 4 जून को छत्तीसगढ़ में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है, और 11 की 11 सीट जीतने की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राजनांदगांव से भूपेश बघेल की करारी हार होगी, क्योंकि इस बार जनता भूपेश बघेल की नीति, रीती को समझ चुकी थी और उन्होंने अपना आशीर्वाद मोदी जी को दिया है, जिसके फलस्वरुप यहां से संतोष पांडे डेढ़ लाख से ज्यादा वोटो से विजई होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विगत 10 वर्षों में मोदी जी के सफल नेतृत्व में देश उच्चतम ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण देश के युवा, महिला, किसान, श्रमिक, व्यापारी और सभी वर्गों ने मोदी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को वोट दिया है, इसलिए भाजपा अपने लक्ष्य 400 से पर जा रही है और 405 सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

### पत्रकार विक्की को पितृ शोक



**राजनांदगांव।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक दिवान पारा गौरा चौरा के पास निवासी जगदीश श्रीवास्तव 73 वर्ष का रविवार को आकास्मिक निधन हो गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए । वे पिछले कुछ दिनो से असस्वध्य थे। वे शहर के फोटो पत्रकार विकल्प विक्की श्रीवास्तव के पिता , फोटो पत्रकार अशोक श्रीवास्तव के बड़े भाई एवं पत्रकार अंकित श्रीवास्तव के मामा थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार आज 3 जून को सुबह 9 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकलेगी ।

# नवतपे के 8वें दिन बदला मौसम का मिजाज

## तेज हवाओं के साथ हुई जमकर बारिश, 15 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पूरे शहर में रहा अंधेरा

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में नवतपे के पहले दिन से ही सूर्य की तपिश से लोगो का हाल बेहाल हो गया था। सुबह 8 बजते ही गर्मी का असर देखा जा रहा था जिसका शाम 7 बजे तक असर हो रहा था। इसी बीच शनिवार की शाम साढ़े 7 बजे मौसम ने ऐसा रुख बदला की जहां बढ़ी हुई गर्मी से तो लोगो को राहत मिली लेकिन इस बीच चलने वाली तेज हवाओं और जोरदार बारिश के चलते शहर के अधिकांश इलाको में पेड़ गिरने की वजह से 6 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। नवतपे के पहले दिन याने 25 मई से रायगढ़ जिले में लगातार सूर्य की तपीश ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था, आलम यह था कि पंखा कूलर काम करना बंद कर चुके थे और बढ़ी हुई गर्मी से निजात पाने लोग तरह तरह के उपाय करने से भी पीछे नही रहे इसके बाद भी लोगो को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी। इसी बीच नवतपे के 8वे दिन शनिवार की शाम जहां लैलूंगा में बारिश के साथ ओले गिरे वहीं रायगढ़ शहर में भी शाम साढ़े 7 बजे के बाद मौसम ने ऐसा रुख बदला की तेज हवाओं, गरज, चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। इस बारिश से तो लोगों ने राहत की सांस जरूर ली परंतु उन्हें जरा भी एहसास नहीं था कि उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है, और ऐसा हुआ।

**विभाग के तैयारियों की पोल खुली** - बारिश और तेज हवाओं के चलते शहर के कई इलाकों में पेड़ और डंगाल टूटने की घटना में 15 घंटे से अधिक समय तक पूरे शहर में बत्ती गुल होने से विद्युत विभाग की मानसून से पहले की जाने वाली सारी तैयारी खुलकर सामने आ गई। इस दौरान शहरवासी यह कहने से भी नहीं चुके विद्युत विभाग की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।

**आने वाले मानसून मे कैसे होंगे हालात?**

शहर के लोगो ने बताया कि मानसून आने पहले ही कुछ घंटे चली हवा और बारिश से जब पूरे शहर में मई घंटे तक बत्ती गुल रहने से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले मानसून में लोगो को किस तरह परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



**अधिकारी ने कहा कब लाइट आएगी बता नहीं सकते**

शहर के कुछ लोगों ने बताया कि कई घन्टे तक लाइट नही आने के बाद जब उनके द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से लाइट कब तक आने के संबंध में पूछा गया इस दौरान अधिकारियों का कहना था कि बहुत जगह फाल्ट आया है, विद्युत व्यवस्था कब तक बहाल हो सकती है वे बता नही सकते।

**शहर व आस पास 100 से ज्यादा पेड़ और 20 से अधिक बिजली खंबे टूटे**

एसई सीएसईबी मनीष तनेजा ने बताया कि बीती रात के आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई थी। 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं। कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों में गिर गए हैं। जिससे तारें भी टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ आस पास के ग्रामीण इलाकों के साथ कोड़ा तराई, किरोड़ीमल नगर, तमनार, लैलूंगा में भी कुछ जगहों पर पोल गिरे हैं। सभी जगहों पर मरम्मत का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर में 6 फीडर को छोड़ कर बाकी जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गई है।

**70 लोगों की टीम बिजली सप्लाई बहाल करने में जुटी :** बीती रात आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर विद्युत पोल के टूटने और पेड़ों की डंगाल बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरीके से प्रभावित हुई है। बिजली विभाग बीती रात से ही विद्युत सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हुए है। अभी करीब 70 लोगों की टीम विद्युत व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई है। जहां तार टूट गए थे उन्हें जोड़ा जा रहा है। चक्रधर नगर, पॉलीटेक्निक के सामने, टीवी टावर रोड पर अधिक संख्या में पेड़ गिरे हैं। जिन्हें हटाने और गिरे हुए बिजली पोल के मरम्मत का काम चल रहा है। पुसौर, कोड़ातराई, तमनार सहित ग्रामीण इलाकों में अलग से टीमें काम कर रही हैं। ठेकदारों की 3 टीम भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि शाम तक पूरी बिजली व्यवस्था बहाल कर ली जाएगी।

# अवैध बिक्री के लिए शराब लेकर जा रहे व्यक्ति को ग्राम डूमरपाली में पुलिस ने पकड़ा




पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

भूपदेवपुर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर डूमरपाली चौक के पास अवैध बिक्री के लिए शराब ले जा रहे राजेश उर्फ राजू को पकड़ा गया। आरोपी राजेश उर्फ राजू साहू शराब के अवैध कारोबार से जूड़े होने से थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा राजेश साहू की गतिविधियों पर निगाह रखने मुखबीर लगाया गया था। थाना प्रभारी को सूचना कि राजेश उर्फ राजू साहू अवैध बिक्री के लिए पैदल कांशीचुआ से डुमरपाली चौक की ओर शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने ग्राम डुमरपाली उसरौठ चौक के पास घेराबंदी कर आरोपी राजेश उर्फ राजू साहू पिता स्वर्गीय सौकीलाल साहू उम्र 44 साल साकिन डुमरपाली थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ को पकड़ा जिसके कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन शराब, 09 नग गोवा अग्रेजी शराब, 01 बॉटल नंम्बर 01 अग्रेजी शराब, 2 नग सिम्भा कंपनी का बीयर कुल जुमला देशी-विदेशी शराब 7.317 किमती 4,160 का जप्त किया गया है। आरोपी पर थाना भूपदेवपुर में 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शंभू पांडे, आरक्षक विजय कुमार पटेल और बोधराम सिदार शामिल थे।

# ईवीएम की मतगणना के लिए गठित मतगणना दलों का किया गया द्वितीय रेंण्डमाईजेशन

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-06 के अंतर्गत आने वाले कबीरधाम जिले के लिए नियुक्त मतगणना आब्जर्वर अरूण कुमार मनहास की उपस्थिति में आज एनआईसी कक्ष में मतगणना कार्य के लिए लगे मतगणना सुपरवाईजर, गणना सहायक और माइक्रो आर्ब्जवर का द्वितीय रेंण्डमाईजेशन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मनहास को राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-06 अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया एवं 72-कवर्धा के लिए मतगणना आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। मतगणना आब्जर्वर मनहास की उपस्थिति में 04 तारीख को मतगणना का कार्य संपादित किया जाएगा। मतगणना कार्य के लिए



नियुक्त मतगणना प्रेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाईजेशन 04 तारीख को सुबह 05 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल पंडरिया विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी संदीप ठाकुर, कवर्धा अनुपम टोप्पो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी नभ उपस्थित थे।

# विगत 2 दिवस में अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 10 वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग द्वारा भादा, पीथमपुर, केवा, नवापारा, शिवरीनारायण क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला जांजगीर चांपा के द्वारा ग्राम भादा, पीथमपुर, केवा, नवापारा एवं शिवरीनारायण क्षेत्रों के जॉच के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन के 10 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 10 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के



अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में हेमंत चेरपा खनि अधिकारी तथा खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी पी डी जाड़े एवम टीम का सराहनीय योगदान रहा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# स्वास्थ्य विभाग ने राहगीरों को डी-हाइड्रेशन से बचाने प्याऊ घरों में बांटे ओआरएस के पैकेट, कलेक्टर ने बैठक में दिए थे निर्देश

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राहगीरों को भीषण गर्मी में डी-हाइड्रेशन से बचाने शहर के सभी प्यायु घरों में ओआरएस के पैकेट का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि भीषण गर्मी से आमजनों को राहत देने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी जरूरी ऐहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राहगीरों की राहत के लिए शहर में चल रहे सभी प्यायु घरों में ओआरएस के पैकेट वितरित करने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही सभी पीएचसी, सीएचसी, शासकीय हेल्थ सेंटर से ओआरएस के पैकेट निरूशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

**गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचाता है ओआरएस :** ओआरएस यानी ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट, जो इलेक्ट्रोलाइट्स और कार्बोहाइड्रेट के मिश्रण से तैयार किया



जाता है और पानी में घोलकर ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन बनाया जाता है। इसी कारण से ओआरएस को इलेक्ट्रोलाइट वाटर भी कहते है। इसमें सोडियम, पोटेशियम क्लोराइड, मैग्नीशियम क्लोराइड और सोडियम सिट्रेट जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते है। शरीर में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाने पर शरीर बुरी तरह से डिहाइड्रेट हो सकता है और डीहाइड्रेशन जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए डॉक्टर्स डीहाइड्रेशन से बचने और शरीर को रिहाइड्रेट करने के लिए ओआरएस पीने की सलाह देते हैं।

# जिले में विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की जा रही तैयारियां



**धमतरी ।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में गंगरेल बचाने और भू जल स्तर बढ़ाने के लिए जिले में जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। वहीं आने वाले दिनों में मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस की तैयारियां भी शुरू हो गई है। इसके तहत जहां ग्रीन आर्मी की महिलाएं जल श्रोत के आसपास, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई कर रही हैं, वहीं विभिन्न पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीणों द्वारा वृक्षारोपण करने के लिए गड्ढे तैयार किए जा रहे। इसके अलावा शासकीय नर्सरीए कार्यालयों इत्यादि में रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इत्यादि भी बनवाया जा रहा है। कलेक्टर ने पर्यावण को स्वच्छए सुंदर रखने के लिए पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की अपील लोगों से की है।

# जिला अस्पताल कालीबाड़ी में 12 लाख की मशीनों का दान

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

महावीर इन्टरकन्टीनेंटल सर्विस आर्गेनाईजेशन रायपुर के प्रयास से केन फिन होम्स बेंगलुरू द्वारा सीएसआर् फण्ड से जिला अस्पताल कालीबाड़ी को लगभग 12 लाख रूपये की एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, आपरेशन टेबल एवं आटोरिफेक्टोमीटर मशीन रायपुर जिला के कलेक्टर गौरव सिंह की उपस्थिति में उन्हीं के सुझाव पर आज जन्में नवजात शिशु की माँ द्वारा, केन फिन होम्स के ब्रांच मैनेजर धनंजय कुमार, सीएमएचओ डॉ महेन्द्र चौधरी के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव वीर लोकेश कावड़िया की विशेष उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। कलेक्टर द्वारा उस नवजात शिशु एवं माँ के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला अस्पताल कालीबाड़ी में महिलाओं की डिलेवरी हेतु आपरेशन टेबल की आवश्यकता की जानकारी होने पर महावीर इन्टरकन्टीनेंटल सर्विस आर्गेनाईजेशन के प्रयास से आपरेशन टेबलए आपरेशन के पूर्व



बेहोश करने के लिए एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन उपलब्ध करवाया गया साथ ही आँखों की निःशुल्क जाँच के लिए आटोरिफेक्टोमीटर मशीन भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर द्वारा केन फिन होम्स के ब्रांच मैनेजर धनंजय कुमार के इस प्रयास एवं सहयोग की प्रंशसा करते हुत धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में भी इस तरह के सहयोग की अपेक्षा की है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ महेन्द्र चौधरी ने भी सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीर मोतीलाल ओसवालए प्रदेश अध्यक्ष वीर अशोक जैनए प्रदेश महासचिव वीर राजेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष वीर जयंत टांक, कोषाध्यक्ष वीर संजय गिड़िया, आई केयर डायरेक्टर वीर धर्मेन्द्र जैन, ईयर केयर डायरेक्टर वीर नरेन्द्र लूनिया, डायरेक्टर वीरा किरण जैन, वीरा निर्मला भण्डारी, वीरा मीली बेनर्जी, वीरा विधी तिवारी, वीर कन्हैया अग्रवाल, वीर कुलदीप सिंघई, वीर मुकेश सिंह, वीर फुलचंद नाहटा, वीर चम्पालाल प्रजापति, वीरा आरती सिंह, वीरा ममता बोरकर सहित अनेक समाजसेवी, डाक्टर्स एवं केन फिन होम्स के अधिकारी शाशवत सहारे, संतोष पुरी, रितु सिंह, युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष वीर पकंज बोथरा भी उपस्थित थे।

# लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना 4 जून को

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 4 जून को स्थानीय भोपालराव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रुद्री में मतों की गिनती होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने मतगणना हॉल में ले जाने और प्रतिबंधित वस्तुओं की जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागजए मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रतिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। पासधारी अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल।

## अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते थे युवक

# बादाम शेक में नशीली दवाई पिलाकर बलात्कार करने वाला युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

थाना अर्जुनी क्षेत्र में प्रार्थिया के साथ 24 जनवरी 2024 के करीबन 11 बजे आरोपी तुकेश्वर साहू पिता हेमलाल साहू उम्र 34 वर्ष साकिन हॉल. रिसाई पारा धमतरी एवं मनभावन कहरा पिता रामाशीष कहरा उम्र 34 वर्ष साकिन सीतामणी जिला कोरबा हॉल जांजगीर कहरा पारा जिला जांजगीर के द्वारा पीडिता को बादाम शेक में नशीली पेय पदार्थ पिलाकर आरोपीगण द्वारा पीडिता के साथ बलात्कार कर अश्लील वीड़ियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाये जाने के संबंध में पीडिता की रिपोर्ट थाना सिटी कोतवाली धमतरी



में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर अप. क्र. 185/24 धारा 376, (घ) 506 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण में एक आरोपी तुकेश्वर साहू पिता हेमलाल साहू उम्र 34 वर्ष साकिन हॉल. रिसाई पारा धमतरी को 09/05/24 को ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एवं दुसरा आरोपी फरार था जिसके संबंध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी एवं आरोपी के संबंध में मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी तक पहुंचकर आरोपी से कडाई से पुछताछ किया गया जिसने अपना अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी के चिकित्सा परीक्षण कराकर आरोपी मन भावन कहरा को पुछताछ करने पर सोने के जेवरात को जेब में रखा था जिसे गवाह के समक्ष जब्त किया गया। आरोपी मनभावन कहरा के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी को विधिवत गिरप्तार कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धमतरी निरी.शरद ताम्रकार, सउनि. संतोषी नेताम, प्रआर. दीपक साहू, आर मनोज उराव का विशेष योगदान रहा।

# थाना कोतवाली अंतर्गत रामपुर रोड सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़. कोतवाली पुलिस को उर्दना से बड़े रामपुर जाने वाले मार्ग में रामपुर मुस्ताक टायर दुकान के आगे में सड़क किनारे एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50-55 वर्ष का शव चित हालत में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली पेट्रोलिंग के प्रधान आरक्षक दिलीप भानु हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। अज्ञात मृतक के चेहरे पर चोट के निशान था। मृतक सफेद सैंडो बनियान और एक कत्थे रंग का लोअर पहने हुए था। आसपास के लोगों ने संदेह जताया कि किसी अज्ञात वाहन के ठोंकर मारने से घटना घटित हुई है। कोतवाली पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ किया। मृतक के



वारिसानों का पता नहीं चला है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 174 सीआरपीसी कायम कर शव को मरच्युरी में रखवाया गया है। कोतवाली पुलिस ने की अपील है कि मृतक के वारिसानों के संबंध में जानकारी हो तो थाना प्रभारी कोतवाली के मोबाइल नंबर 9479193209 पर सूचित करें। मृतक के वारिसान आने अथवा 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम कर अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा।

# ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है तेन्दूपत्ता

## डीएफओ के प्रयासों से मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में ख़राब मौसम होने के बावजूद लक्ष्य से अधिक तेन्दूपत्ता का हुआ संग्रहण

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






वनक्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है तेंदूपत्ता जिसे हरा सोना भी कहते है। इस वर्ष छ.ग.शासन द्वारा तेंदूपत्ता का खरीदी दर 4000 प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 प्रति मानक बोरा किया गया। जिसके कारण ग्रामीणजन अधिक उत्साह और मेहनत से तेन्दूपत्ता संग्रहण कर फड़ों में विक्रय किये है। संपूर्ण छ.ग.राज्य में इस वर्ष 954 लॉट के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्रहण हेतु अग्रिम निर्वतन कर क्रेता नियुक्ति किया गया। इस वर्ष 16 लाख 72 हज़ार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य के विरूद्ध 15 लाख 36 हज़ार मानक बोरा संग्रहण किया गया, जो लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में छ.ग. के 12 लाख संग्राहक परिवारों को राशि रूपये 845 करोड़ का भुगतान पेमेंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाईन किया जा रहा है। इस तारतम्य में छ.ग. के 30 वनमण्डल में से मात्र 6 वनमण्डल द्वारा लक्ष्य का 100 प्रतिशत तेन्दूपत्ता संग्रहण किया गया ।जिसमें से मनेन्द्रगढ़ वनमंडल एक है। इस वर्ष मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में तेंदूपत्ता सीजन में मौसम बहुत ख़राब रहा और कई जगह तो हर शाम बारिश हुई। बावजूद इसके सभी फड़ को चालू रखा गया और ठेकेदारों को मनमानी नहीं करने दिया गया। बारिश होने पर तेंदूपत्ता को सुरक्षित रखना कठिन हो जाता है इस वजह से ठेकेदार अपने सहूलियत के लिए फड़ को बंद कर देते है। इससे संग्राहको को नुक़सान झेलना पड़ता है। पर सभी फड़ को चालू रखा गया। परिणामस्वरूप मनेंद्रगढ़ में पूरे 22 दिन तक तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ।पूर्व की कांग्रेस सरकार में सिर्फ़ 10 दिन में ही तेंदूपत्ता की ख़रीदी बंद हो जाती थी। वनमंडल में 15 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 220 फड़ों में 43.5 हज़ार मानक बोरा लक्ष्य के विरूद्ध 44.7 हज़ार मानक बोरा का रिकार्ड संग्रहण किया गया। जो कि संग्रहण लक्ष्य का 102.76 प्रतिशत है । मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल से तेन्दूपत्ता संग्रहण का भुगतान 33.5 हज़ार संग्राहक परिवार को राशि रूपये 24.5 करोड़ ऑनलाईन पेमेंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से सीधे खाते में किया जा रहा है। 2021 के तेंदूपत्ता सीजन में भी विपरीत स्थिति के बावजूद पूर्व भानुप्रतापपुर डीएफओ रहते मनीष कश्यप ने छत्तीसगढ़ में सबसे ज़्यादा तेंदूपत्ता का संग्रहण करवाया था। जबकि उस समय मौसम ख़राब होने के साथ साथ कोरोना के दूसरे फेज का भी प्रकोप था। तब सबसे ज़्यादा 68 करोड़ का भुगतान अकेले भानुप्रतापपुर वनमण्डल को हुआ था।जो राज्य में सबसे ज़्यादा था। इस वर्ष अप्रैल में फ़ूड ग्रेड महुआ के संग्रहण में भी मनेंद्रगढ़ वनमण्डल ने रिकॉर्ड बनाया था। पूरे प्रदेश का 75% फ़ूडग्रेड महुआ संग्रहण अकेले मनेंद्रगढ़ में ही हुआ था।महुआ का ज़्यादा क़ीमत बढ़ाने हेतु पेड़ो कि नीचे जाली के माध्यम से संग्रहण किया जाता है जिसे फ़ूडग्रेड महुआ कहते हैं।इससे संग्राहकों को महुआ का ज़्यादा क़ीमत प्राप्त होता है और अतिरिक्त रोज़गार भी बनता है। किसानों का अतिरिक्त आय बढ़ाने हेतु लाख पालन पर भी मनेंद्रगढ़ में इस वर्ष ज़बरदस्त काम हो रहा है। 250 किसानों के 5000 पलाश के वृक्षों में प्रुनिंग का काम हुआ है जिसमें जुलाई और अक्तूबर के महीने में लाख बीज लगाया जायेगा।1 पलाश पेड़ में 1000 रुपए तक का लाख बीज लगाया जाता है जिसमें किसानों को 4-5 हज़ार तक का आय होता है। मनेंद्रगढ़ में पलाश पेड़ो का भरमार है। धान की खेती कुछ ख़ास नहीं होती इसलिए लाख की खेती वरदान साबित हो सकता है।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी में

## आंदोलन में जाने से गर्मी में स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ सकता है बुरा असर, आम जनता हो सकते हैं परेशान



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 27% प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं संविदा नियमितीकरण की मांग को लेकर फिर से आंदोलन की तैयारियां कर रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के स्वास्थ्य कर्मी पिछले कई वर्षों से संविदा नियमितीकरण की माँग को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं। तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की बात अपने घोषणा पत्र में कही थी लेकिन पांच वर्षों में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया गया जिसके कारण संविदा कर्मी कांग्रेस सरकार के खिलाफ हो गए थे, और सत्ता से हाथ धोना पड़ गया, तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने संविदा कर्मचारियों को 27% वेतन वृद्धि देने की घोषणा किया था जो आज भी छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों को अप्राप्त है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है, बताना चाहूंगा कि कोई भी सरकार घोषणा करने के बाद यदि उसमें अमल न करे तो आम जनता एवं कर्मचारियों में रोष होना स्वाभाविक सी बात है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर वर्तमान सरकार का ध्यान आकर्षण कराने के लिए फिर से रणनीति बना रहे हैं। अवगत हो कि आचार संहिता लागू होने के पूर्व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से भेंट के दौरान छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के बाद 27% वेतन को देने के आश्वासन दिया गया था इसी को पुनः स्मरण कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी फिर से आंदोलन की राह पर अग्रसर दिखाई दे रहे हैं और अंदर ही अंदर रणनीति तैयार कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में यदि स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी आंदोलन करते हैं तो इसका प्रभाव स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ सकता है, सरकार को भी चाहिए कि अपने किए हुए वादे एवं संविदा कर्मचारियों की मांग को पूर्ण कर देना चाहिए वर्तमान विष्णु देव साय एवं मोदी गारंटी भाजपा सरकार पर संविदा कर्मचारियों को भारी विश्वास है कि उनको नियमितीकरण एवं 27% वेतन वृद्धि का लाभ अवश्य मिलेगा तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संविदा कर्मचारियों ने एक महीने से अत्यधिक हड़ताल किया थे इसमें तूता रायपुर में वर्तमान उपमुख्यमंत्री एवं तत्कालीन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, वर्तमान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप सहित भाजपा के तमाम बड़े-बड़े नेता संविदा कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान समर्थन करने उनके पंडाल में गए थे और भाजपा सरकार आने के बाद 100 दिन के अंदर कमेटी बनाकर उनके नियमितीकरण एवं 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की बात कही थी कर्मचारी संगठन के द्वारा बताया गया कि सौ दिन के अंदर कमेटी तो बन गया है लेकिन उसने निर्णय आना बाकी है संविदा कर्मचारी संगठन ने लगातार विभिन्न मंच में अपनी मांगों को लेकर आवेदन निवेदन कर रहे हैं और एक बार फिर 5 जून के बाद संविदा कर्मचारियों में आंदोलन की राह में जाने के लिए तैयार हो रहे हैं।

# लॉरेंस विश्नोई गैंग के चारों शूटर 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और अमन साहू गैंग के चार शूटरों को पुलिस ने रविवार को 8 दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने पर पेश किया जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस गैंग के शूटर पप्पू सिंह, देवेंद्र सिंह और रोहित स्वर्णकार को पिछले सप्ताह रायपुर पुलिस ने दिल्ली और झारखंड पुलिस की मदद से चलाए गए 72 घंटे के आपरेशन के बाद गिरफ्तार किया था। सभी रैनसम के लिए झारखण्ड में कोयला कारोबारियों को शूट करने की सुपारी लेकर आए थे।

# एग्जिट पोल के नतीजे भ्रामक है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



एग्जिट पोल के नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे भ्रामक है। कांग्रेस पार्टी इन नतीजों को खारिज करती है। 4 जून को जब एक्जेट पोल के नतीजे आयेंगे तब देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में हम भारतीय जनता पार्टी से बेहतर स्थिति में रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस प्रकार का दुष्प्रचार होगा इसका अनुमान पहले से ही था। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम आने पर साफ हो जाएगा जनता का जनादेश पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मतदान किया है। देश में कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में हम भाजपा से ज्यादा सीट जीतेंगे।

# मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री साय को शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग' के शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने पदाधिकारियों को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया तथा आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 7 जून से 16 जून तक छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जुबीन शाह, संयुक्त सचिव जी. एस. मूर्ति, डायरेक्टर विजय शाह, राजेश दवे, विजय बजाज एवं तरुणेश परिहार भी उपस्थित थे।

# रविवि ने बीए अंतिम वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणाम में 54.51 प्रतिशत छात्र-छात्राएं हुए उत्तीर्ण



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) ने बीए अंतिम वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए जिसमें 54.51 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में 15,011 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें 8183 उत्तीर्ण, 3706 अनुत्तीर्ण है। 2872 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है, वहीं 250 परीक्षार्थियों के परिणाम रोक दिए गए है। 126 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे हैं। परीक्षा में 2730 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी, 5428 द्वितीय श्रेणी और 25 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। परीक्षा से असंतुष्ट छात्र-छात्राएं 15 दिन के अंदर पुनर्गणना-पुर्मूल्यांकन के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने कांग्रेस के मतगणना अभिकर्ताओं को कहा- मतगणना स्थल पर गलत का करें पुरजोर विरोध

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने प्रवास के दौरान 01 जून को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक ली। डॉ. महंत ने कहा कि मतगणना के समय पूरी तरह से सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। डॉ.महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के 2084 मतदान केन्द्रों में गिनती के दौरान प्रत्येक बूथ के प्रत्येक टेबल पर पूरी तत्परता और ईमानदारी से अंतिम गिनती होते तक डटे रहना है। एक टेबल पर भी यदि 10 वोट भी अगर आपकी नजर से ओझल हुए तो पूरे 2084 बूथों के हिसाब से आंकड़ा समझा जा सकता है, इसलिए पूरी तैयारी रखें। किसी भी तरह की शंका का पूर्ण रूप से समाधान करें, डॉ.महंत ने गणना अभिकर्ताओं से कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र के लिए कीमती है और मतगणना के दौरान यदि किसी भी तरह का गलत काम होते दिखे तो उसका पूरी ताकत से विरोध करें, अपना विरोध दर्ज कराने से न चूकें। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, जीपीएम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पूर्व विधायक गुलाब कामरो, गुलाब सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण, मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403